दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 93
कोटद्वार शुक्रवार
28 जुलाई 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## हाईकोर्ट ने दिए सरकार को दस दिन में प्रिजन बोर्ड बनाने के निर्देश

**नैनीताल।** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने प्रदेश की जेलों में सुविधाओं के अभाव से जुड़ी याचिका पर सुनवाई कर सरकार को दस दिनों में एक प्रिजन डेवलपमेंट बोर्ड बनाने के निर्देश दिए हैं। कहा बोर्ड में जेल मंत्री उसके अध्यक्ष, चीफ सेक्रेटरी उपाध्यक्ष और प्रमुख सचिव गृह, प्रमुख सचिव वित्त, प्रमुख सचिव राजस्व, सचिव न्याय, डीजीपी, डीजी जेल को सदस्य बनाया जाए। राज्य सरकार से दो नामित व्यक्ति करने को कहा है। इसमें एक महिला सदस्य को भी रखने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 23 अगस्त की तिथि नियत की है।मामले के अनुसार संतोष उपाध्याय व अन्य ने हाईकोर्ट में अलग-अलग जनहित याचिकाएं दायर की थीं। जिसमें कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 2015 में एक आदेश जारी कर सभी राज्यों से कहा था कि वह अपने राज्य की जेलों में सीसीटीवी कैमरे लगाएं और जेलों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं।

राज्य में मानवाधिकार आयोग के खाली पड़े पदों को भरने के आदेश जारी किए थे, लेकिन कई साल बीत जाने के बाद भी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया है। याचिकाकर्ता का कहना है कि सरकार को निर्देश दिए जाएं कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन किया जाए।

### राजस्थान से मोदी का इंडिया पर हमला, कहा

# इंडिया की चिंता होती तो विदेश जाकर निंदा करते क्या

**सीकर , एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान दौरे पर हैं। उन्होंने सीकर में 9 करोड़ किसानों के खातों में किसान सम्मान निधि के 17 हजार करोड़ रुपये जारी किए हैं। साथ ही पीएम प्रणाम योजना और किसान समृद्धि केंद्र की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के पांच मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन कर सात का शिलान्यास भी किया।



आजादी का आंदोलन जब पूरी प्रखरता पर था तो महात्मा गांधी ने एक नारा दिया था, तब महात्मा गांधी ने जो नारा दिया था आज फिर से देश के कल्याण के लिए उस नारे की जरूरत है। महात्मा गांधी ने नारा दिया था- अंग्रेजों भारत छोड़ो और अंग्रेजों को देश छोड़कर जाना पड़ा था। जैसे गांधी जी ने भारत छोड़ो का नारा दिया था, वैसे ही आज का मंत्र है- भ्रष्टाचार छोड़ो इंडिया, परिवारवाद छोड़ो इंडिया, तुष्टिकरण छोड़ो इंडिया। यह क्विट इंडिया ही देश को बचाएगा। इसी के साथ पीएम मोदी ने अपना संबोधन समाप्त कर दिया।

पीएम मोदी ने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा- कांग्रेस और उसकी जामत उन फ्रॉड कंपनियों की तर्ज पर काम कर रही है जो एक कांड कर के नाम बदल कर दूसरे नाम से नया कांड कर सके। मोदी ने 'इंडिया' गठबंधन की तुलना इस्ट इंडिया कंपनी से करते हुए कहा कहा- अगर, उन्हें इंडिया की चिंता होती तो विदेश जाकर भारत की निंदा करते क्या। अगर, इन्हें इंडिया की चिंता होती तो क्या ये सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाते। अगर, इन्हें इंडिया की चिंता होती तो क्या ये गलवां में सैनिकों की शहादत पर सवाल पूछते।

राजस्थान में युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। पेपर लीक उद्योग चल रहा है। राजस्थान के युवा काबिल हैं, लेकिन यहां की सरकार उनके भविष्य को बर्बाद कर रही है। यहां सत्ताधारी दल के लोगों पर ही पेपर लीक माफिया होने का आरोप लग रहा है। युवाओं को पेपर लीक माफिया से बचाने के लिए कांग्रेस को हटाना ही होगा।

पीएम मोदी ने कहा- राजस्थान के विकास के लिए केंद्र सरकार लगातार पैसे भेज रही है। जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, 10 साल में राजस्थान को टैक्स की हिस्सेदारी के रूप में 1 लाख करोड़ ही दिए गए थे। बीते 9 साल में भाजपा सरकार ने टैक्स हिस्सेदारी के रूप में राजस्थान को 4 लाख करोड़ से ज्यादा दिए हैं। जब केंद्र में 10 साल कांग्रेस की सरकार थी तब राजस्थान को सेंट्रल ग्रांट के रूप में भी करीब 50,000 करोड़ ही दिए गए थे, हमारी सरकार ने 9 साल में सेंट्रल ग्रांट के तौर पर राजस्थान को 1.5 लाख करोड़ से ज्यादा दिए हैं।

मोदी ने कहा-जब से प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनी है तब विकास काम में रोड़े अटकाने का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि मैंने राजस्थान वासियों से वादा किया था कि हर घर नल से जल दूंगा, लेकिन राजस्थान सरकार इसे भी अटका कर रखना चाहती है।

मोदी ने कहा कि राजस्थान को 7 मेडिकल कॉलेज और एकलव्य स्कूल भी केंद्र सरकार ने दिए हैं। केंद्र सरकार हमेशा से राजस्थान के विकास के लिए पैसे भेज रही है।

9 साल में राजस्थान को 4 लाख करोड़ रुपये भेजे हैं। उन्होंने कहा- शेखावाटी की धरती ऋषि भूमि है। इस धरती ने भैरोंसिंह शेखावत जैसे नेता और और देश के उपराष्ट्रपति दिया है। यहां आने पर दिव्य अनुभूति मिलती है और आपका आशीर्वाद मिलता है। उन्होंने कहा कि यहां मौजूद अपार जन समुदाय बता रहा है कि राजस्थान में कमल खिलने वाला है, राजस्थान मैं सत्ता का परिवर्तन होने वाला है।

## मणिपुर वायरल वीडियो की सीबीआई करेगी जांच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय मणिपुर वायरल वीडियो की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपेगा।साथ ही केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर मणिपुर वायरल वीडियो की जांच राज्य से बाहर कराने का निवेदन करेगी।

आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, जिस मोबाइल से वायरल वीडियो को रिकॉर्ड किया गया था उसको बरामद कर लिया गया है। इसके साथ ही वीडियो बनाने वाले व्यक्ति की भी गिरफ्तारी हो चुकी है। केंद्र सरकार ने मैतेई और कुकी समुदाय के सदस्यों के साथ कई दौर की बातचीत भी की है। कहा जा रहा है कि अबतक प्रत्येक समुदाय के साथ छह दौर की बातचीत हुई है।

सूत्रों के मुताबिक, मणिपुर में कानून-व्यवस्था की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है, लेकिन सामान्य नहीं है। लगभग 35,000 सुरक्षाकर्मियों की तैनाती की गई है। मणिपुर में दवा और दैनिक आपूर्ति वाले सामानों की कोई कमी नहीं है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि खाद्य और आवश्यक आपूर्ति की कीमतें नियंत्रण में हैं। बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी काम पर लौट रहे हैं और स्कूल भी फिर से शुरू हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मणिपुर के कांगपोकपी जिले में चार मई को दो आदिवासी महिलाओं को नग्न कर घुमाने के संबंध में अबतक सात लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

# अफजाल अंसारी को 90 दिन बाद मिली जमानत

**गाजीपुर, एजेंसी।** गैंगस्टर के मामले में जिला जेल में बंद पूर्व सांसद अफजाल अंसारी को जमानत मिलने के बाद गुरुवार की देर शाम रिहा कर दिया गया। इस दौरान सुरक्षा-व्यवस्था के तहत काफी संख्या में फोर्स तैनात रही।माफिया मुख्तार अंसारी और उसके भाई पूर्व सांसद अफजाल के खिलाफ कृष्णानंद राय हत्याकांड और नंदकिशोर रूंगटा के अपहरण व हत्याकांड को आधार बनाकर मुहम्मदाबाद पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। एमपी-एमएलए कोर्ट ने



बीते 29 अप्रैल को माफिया मुख्तार को दस व अफजाल अंसारी को चार वर्ष की सजा सुनाते हुए उसी दिन जेल भेज दिया। इसके बाद अफजाल के स्वजन ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी।24 जुलाई को सुनवाई करते हुए प्रयागराज हाईकोर्ट ने जमानत अर्जी को मंजूर कर लिया। हालांकि, सजा पर रोक नहीं है। गुरुवार की दोपहर जिला जेल प्रशासन को जमानत का पत्र मिला। इसके तुरंत बाद जिला जेल पर सुरक्षा-व्यवस्था बढ़ा दी गई। एक प्लाटून पीएसी के साथ काफी संख्या में फोर्स तैनात रही।शाम को अफजाल के भतीजे व मुहम्मदाबाद विधायक सुहैब अंसारी पहुंचे। देर शाम करीब 7.30 बजे अफजाल अंसारी जेल से रिहा हुए। इसके बाद सुहैब अंसारी की गाड़ी में बैठकर मुहम्मदाबाद अपने आवास के लिए रवाना हो गए। इस दौरान उनके समर्थकों की भी भारी भीड़ लगी रही। प्रभारी जेल अधीक्षक राकेश वर्मा ने बताया कि गुरुवार की दोपहर जमानत पत्र मिलने के बाद देर शाम उनको रिहा कर दिया गया।केंद्रीय गृह मंत्रालय मणिपुर वायरल वीडियो की जांच केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपेगा। साथ ही केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर मणिपुर वायरल वीडियो की जांच राज्य से बाहर कराने का निवेदन करेगी। आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जिस मोबाइल से वायरल वीडियो को रिकॉर्ड किया गया था उसको बरामद कर लिया गया है।

## राहुल का मोदी पर तंज, पीएम जानते हैं उनकी विचारधारा के कारण मणिपुर जल रहा है

**बेंगलुरु ,एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को मणिपुर हिंसा पर चुप्पी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करते हुए कहा कि वह जानते हैं कि उनकी विचारधारा के कारण पूर्वोत्तर का राज्य जल रहा है। उन्होंने आरएसएस और भाजपा पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि वे लोगों की दर्द और पीड़ा की परवाह किए बिना केवल सत्ता हासिल करना चाहते हैं। केरल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बेंगलुरु में भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के राष्ट्रीय युवा सम्मेलन 'बेहतर भारत की बुनियाद' को संबोधित करते हुए पूर्व लोकसभा सांसद ने कहा, आप सभी ने देखा है कि मणिपुर में क्या हुआ है और वहां क्या हो रहा है।

आपको आश्चर्य होगा कि प्रधानमंत्री ने मणिपुर के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा।

IHMS KOTDWAR
17 Years of Excellence in Education
ESTD. 2006
ISO 9001-2015 Certified
Institute of Hospitality, Management & Sciences
Admissions Open 2023
"Journey Towards Excellence"
AVAILABLE PROGRAMMES
M.B.A. 2 Years
FIRST AICTE APPROVED COLLEGE IN REGION
B.H.M. 4 Years
B.Sc. IT 3 Years
B.B.A. 3 Years
B.C.A. 3 Years
C.H.M. 1 Year
• Attractive Scholarships
• Value Added Courses @ 0% cost
• Industrial Tour
• Internship in Leading Companies
Mob.: 7902000023, 8057726863
Balbhadrapur, B.E.L. Road, Kotdwar-246149(UK)
Email:info@ihms.ac.in, ihmskotdwar1@gmail.com | Web: www.ihms.ac.in

# हेयर ड्रेसर में स्वरोजगार की है भरपूर संभावनाएं : सीडीओ

### 13 दिवसीय हेयर ड्रेसिंग का विशेष प्रशिक्षण शुरू



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र की खास पहल पर सीमांत जनपद चमोली में युवाओं को हेयर ड्रेसिंग में करियर बनाने के लिए 13 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के माध्यम से पहली बार इस तरह का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया है।

गुरूवार को मुख्य विकास अधिकारी ने हेयर ड्रेसिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जनपद के सभी विकासखंडों से युवा इसमें उत्साह के साथ प्रतिभाग कर रहे है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्थानीय युवाओं की डिमांड पर हैयर कटिंग प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में इस तरह का यह पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम है। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हेयर कटिंग एक आर्ट है। हेयर ड्रेसिंग में युवा कम संसाधनों में एक अच्छा स्वरोजगार खड़ा कर सकते है। गांव क्षेत्रों में हेयर ड्रेसर की बहुत डिमांड रहती है और प्रतिभाशाली युवा इसमें बहुत जल्दी सफलता पा सकते है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण लेने के बाद इच्छुक युवाओं को पीएमईजीपी से सब्सिडी पर ऋण भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### शहीद मनोज राणा को दसवीं पुण्यतिथि पर गणेश जोशी ने दी श्रद्धाजंलि

देहरादून। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने राजपुर निवासी शहीद मनोज राणा की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण स्मरण किया व उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

शहीद मनोज राणा भारतीय सेना के 2/4 गोरखा राइफल में तैनात थे और वर्ष 2013 में 27 जुलाई को एक आतंकी हमले में जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में शहीद हो गए थे। मंत्री गणेश जोशी ने कहा बलिदानी की कोई जाति या धर्म नहीं होती। बलिदानियों का सम्मान उनकी यादों को संजोए रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होने कहा कि देश की सुरक्षा में तैनात हर पांचवां सैनिक उत्तराखंड से होता है। देश को जब–जब जरूरत पड़ी उत्तराखंड के वीरों ने अपना सवोच्च बलिदान दिया। प्रधानमन्त्री मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में देहरादून के गुनियाल गांव में सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है।

# भारत—नेपाल के मजबूत संबंधों को लेकर मंथन किया



ऋषिकेश। भारत को जानिए कार्यक्रम के तहत उत्तराखंड भ्रमण पर आया कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल का प्रतिनिधिमंडल होटल लेमन ट्री में ठहरा। यहां उन्होंने भाजपाइयों के साथ भाजपा संगठन को लेकर चर्चा की। दोनों देशों के बीच संबंध कैसे मजबूत हो इस पर भी मंथन किया गया।

भारत में राजनीतिक दल कैसे काम करते हैं, इसकी जानकारी हासिल की। इस दौरान नेपाल की टीम ने रामझूला और जानकीपुल का भी भ्रमण किया। गुरुवार को सीपीएन के प्रतिनिधिमंडल ने सुबह के समय दो घंटे तक भाजपाइयों के साथ चर्चा की। भारत में राजनीतिक दल कैसे संगठन का काम करते हैं, इसकी जानकारी ली। सीपीएन के उपाध्यक्ष पमफा भूषाल, पार्टी सचिव चक्रपाणि खनाल, केंद्रीय समिति सदस्य रमेश्वर यादव, सुरेश कुमार राय ने नेपाल में राजनीतिक दलों की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। उपाध्यक्ष पमफा भूषाल ने कहा कि नेपाल के लोग भारत से बेहतर संबंध के पक्ष में है। वह भारत को ही अपना सच्चा दोस्त मानते है। उत्तराखंड से तो नेपाल का बेटी–रोटी का रिश्ता है। दोनों देशों के बीच कैसे संबंध और मजबूत हो इसको लेकर वह उत्तराखंड भ्रमण पर आये हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र राणा ने भाजपा संगठन के बारे में जानकारी दी। बताया कि भाजपा संगठन बूथ स्तर तक कैसे संगठन की मजबूती के लिए कार्य करता है। इस दौरान टीम ने रामझूला, लक्ष्मणझूला, जानकीपुल समेत आसपास के बाजार का भ्रमण भी किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज ध्यानी, जिला उपाध्यक्ष प्रतीक कालिया, मंडल अध्यक्ष ऋषिकेश सुमित पंवार, मंडल अध्यक्ष श्यामपुर दिनेश पायल समेत अन्य मौजूद रहे।

# 7 से 15 अक्तूबर तक होगी आकाश की छात्रवृत्ति परीक्षा




देहरादून। आर्थिक कमजोरी के चलते मेडिकल और इंजीनियरिंग की अच्छी कोचिंग ना ले सकने वाले छात्र–छात्राओं के लिए आकाश इंस्टीट्यूट सुनहरा मौका लेकर आया है। आकाश की राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा देकर बच्चे सौ प्रतिशत तक स्कालरशिप पा सकते हैं। बुधवार को आकाश इंस्टीट्यूट राजपुर रोड पर उत्तराखंड के लिए आकाश नेशनल टैलेंट हंट छात्रवृत्ति परीक्षा लांच की गई। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के सीईओ अभिषेक माहेश्वरी ने बताया कि ये परीक्षा कक्षा सात से 12 तक के छात्र दे सकते हैं। जो कि सात से 15 अक्तूबर तक आनलाइन और आठ व 15 अक्तूबर को आफलाइन होगी। इसमें 100 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति दी जाएगी। साथ ही 700 छात्रों को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। कैश अवार्ड के अलावा विभिन्न कक्षाओं के 100 बच्चों को नेशनल साइंस मिशन की दिवसीय यात्रा जीतने का अवसर मिलेगा।

### नई शिक्षा नीति उद्देश्य जनरेशन को लोकल से ग्लोबल तक ले जाने का

टिहरी : केंद्रीय विद्यालय नई टिहरी में नई शिक्षा नीति 2020 की तीसरी वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न बोर्डों से जुड़े शिक्षा अधिकारियों ने नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, उद्देश्य व प्रभावों को लेकर वृहत जानकारी देते हुए बताया कि नई शिक्षा नीति का मकसद आने वाली जनरेशन को लोकल से ग्लोबल तक ले जाने का है। केंद्रीय विद्यालय के पुस्तकालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में केवी के प्रधानाचार्य प्रदीप थपलियाल, डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता दीपक रतूड़ी, एनटीआईएस के गौतम बिष्ट, अध्यापिका अनुपमा आदि ने संयुक्त रूप से पत्रकारों को बताया कि नई शिक्षा नीति से लागू हो चुकी है। विभिन्न बोर्डों व राज्यों में इस शिक्षा नीति के तहत जरूरतों के हिसाब से परिवर्तन भी शुरू हो चुके हैं। आने वाले समय में शिक्षा नीति में 38 सालों बाद हुए आमूल-चूल परिवर्तनों का प्रभाव देखने को मिलेगा। टन प्लस टू प्रणाली को बदलते हुए अब फाइव प्लस थ्री प्लस थ्री प्लस फोर पद्धति को लाया गया है। जिससे शुरूआती कक्षाओं में बच्चों का बोझ कम होने के साथ ही व्यवसाय परक शिक्षा की ओर भी फोकस किया जायेगा। इस शिक्षा नीति में वसुदेव कुटुम्बम की भावना को आगे बढ़ाने पर भी बल दिया गया है। पीएम मोदी के नेतृत्व में इस नीति की ताकत को विश्व मान रहा है औ वसुदैव कुटुम्ब की भावना पर काम कर रहा है। 2030 तक नई शिक्षा नीति को पूरे देश में आत्मसात कर लिया जायेगा।

# धूमधाम से हुई शिकारुनाग व रुद्रेश्वर महाराज मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा व कलश स्थापना

उत्तरकाशी : रवांई घाटी के कमल सिराईं पट्टी के करड़ा गांव में शिकारुनाग और रुद्रेश्वर महाराज की नवनिर्मित मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन गुरुवार को हुआ। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने पूजा-पाठ और यज्ञ के साथ कलश स्थापना कर किया किया गया।

गुरुवार 27 जुलाई को कमल सिराईं पट्टी के करड़ा गांव में जैसाण थोक के इष्टदेव शिकारुनाग देवता व मुंगरसन्ति पट्टी के 60 गांवों से अधिक के आराध्य रुद्रेश्वर महाराज के नवनिर्मित मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा व कलश स्थापना का आयोजन वेदपाठ मंत्रोच्चार के साथ बड़ी धूमधाम से किया गया। मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा में मुंगरसन्ति सहित कमल सिराईं पट्टी के खलाडी, पुजेली, नेत्री, चन्देली, चपटाडी, शिकारू, मैराणा आदि गांव से सैकड़ों लोग देवदर्शन को पहुंचे। मन्दिर प्राणप्रतिष्ठा से पूर्व नव निर्मित मन्दिर में मंगलवार से हवन-पूजन व तीन दिवसीय यज्ञ व जप किया गया। वहीं गुरुवार को कलश स्थापना व मन्दिर प्राणप्रतिष्ठा के साथ ही महाभण्डारे का आयोजन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा व कलश स्थापना में पांच आचार्य ब्राह्मणों ने पारंपरिक पूजा अर्चना कर हवन और जप किया जिसके उपरांत देवमालियों ने अवतरित होकर मन्दिर में कलश स्थापित किया। गांव के पूर्व प्रधान व स्याना जगमोहन रावत, पंडित शांति राम रतूड़ी व रामप्रकाश रतूड़ी ने कहा कि गांव में कई पीढ़ियों के बाद इस प्रकार का मंदिर निर्मित हुआ है। यह मंदिर क्षेत्र के इष्ट देव शिकारुनाग महाराज और मुंगरसंती पट्टी के आराध्य रुद्रेश्वर महाराज का संयुक्त मन्दिर बनाया गया है। मन्दिर में संयुक्त गृभगृह है जबकि ऊपरी भाग में अलग-अलग दोनों इष्ट देवताओं के कलश स्थापित किये गए हैं। ग्राम प्रधान अंकित रावत ने ग्रामीणों का मंदिर निर्माण में सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मन्दिर को सनातन धर्म के आस्था का प्रतीक बताया व क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को गांव में आयोजित महाभण्डारे में शामिल होने व देवताओं का आशीर्वाद लेने तथा प्रसाद ग्रहण करने की अपील की।

## एक नजर

### टाउनशिप के लिए किसी सूरत में जमीन नहीं देंगेः किसान

देहरादून। संयुक्त किसान मोर्चा ने डोईवाला में प्रस्तावित इंटीग्रेटेड टाउनशिप का विरोध किया है। मोर्चा ने कहा कि किसान किसी भी सूरत में अपनी जमीन नहीं देंगे। चेतावनी दी कि यदि सरकार ने दबाव बनाया तो उग्र आंदोलन होगा। उत्तरांचल प्रेस क्लब में गुरुवार को हुई प्रेसवार्ता में मोर्चा की डोइवाला इकाई के संयोजक ताजेंद्र सिंह ने बताया कि उन्हें मीडिया के माध्यम से पता चला कि सरकार डोईवाला और किच्छा में टाउनशिप बनाने जा रही है। इसके लिए डोईवाला में 3080 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। उन्होंने कहा यदि ऐसा हुआ तो क्षेत्र की बालकुमारी, दिलीपनगर, सत्तीवाला, सुसवा, जाखन और सौंग नदी के किनारे बसी बस्तियां आदि प्रभावित होगी। योजना से करीब 50 हजार की आबादी सीधे तौर पर परेशानी होगी। किसानों और टिहरी बांध प्रभावितों पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के अधिकतर लोग कृषि से आजीविका चलाते हैं। खेती, बागवानी, कुटकुट, मछली और मधुमक्खी पालन लोगों का मुख्य व्यवसाय है। किसान गजेंद्र रावत ने कहा कि सरकार पलायन रोकने के बात करती है, यदि ऐसा है तो पर्वतीय क्षेत्रों में टाउनशिप का निर्माण कराया जाए। मौके पर सुरेंद्र सिंह खालसा, उमेद बोहरा, हाजी अमीर हसन आदि मौजूद थे।

### आरटीओ को सौंपी 280 स्कूल वैन चालकों की सूची

देहरादून। उत्तराखंड स्कूल वैन एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने आरटीओ प्रवर्तन शैलेश तिवारी से मुलाकात की। उन्होंने रिफ्रेशर कोर्स कार्यशाला के लिए 280 स्कूल वैन चालकों की सूची सौंपी। अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने बताया कि परिवहन विभाग की ओर से स्कूल बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर स्कूल वैन चालकों को जानकारी दी जानी है। इसके लिए विभाग एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित कर रहा है, जो सराहनीय कदम है। स्कूल वैन चालकों को समय–समय पर इस तरह के प्रशिक्षण दिए जाने चाहिए।

# डीएम ने ली अधिकारियों की बैठक



देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में स्वतंत्रता दिवस की 76 वीं वर्षगांठ के अवसर पर जनपद में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम की व्यवस्थाओं एवं तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में प्रातः 09 बजे तथा मुख्य कार्यक्रम स्थल परेड ग्राउंड पर प्रातः 10 बजे माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। प्रभातफेरी प्रातः 07 बजे से 09 बजे तक होगी, जिसका समापन गांधी पार्क में होगा।जिलाधिकारी ने संस्कृति विभाग को निर्देश दिए 15 अगस्त की पूर्व संध्या पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाए। उन्होंने समस्त कार्यालयध्यक्षों को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अपराहन 4 बजे से समस्त जनपद एवं कार्यालय परिसर एवं सड़क आदि स्थानों में स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तहसील, विकासखंड व ग्रामीण स्तर पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण लिए वन एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वतंत्रता सेनानियों एवं राज्य आंदोलनकारियों के परिजनों को सम्मानित किया जाए।

### करगिल के जांबाजों को दी श्रद्धाजंलि, परिजनों का सम्मान

देहरादून। नया गांव विजयपुर हाथीबड़कला के लक्ष्मी नारायण मंदिर में वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति और मंदिर समिति के तत्वावधान में करगिल विजय दिवस पर शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। शहीदों की वीर नारियों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि मंडी परिषद के पूर्व अध्यक्ष उपेन्द्र थापली व कर्नल बीएस क्षेत्री ने करगिल के शहीदों को याद करते हुए युवा पीढ़ी से देश सेवा के लिए सदैव आगे रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वीर नारी व परिजन लक्ष्मी देवी, हेम कुमारी, सीमा आले, रुपा श्रवण, नरेश थापा को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ नागरिक समिति अध्यक्ष महेन्द्र नेगी, मंदिर समिति अध्यक्ष राजकुमार गुरुंग, खेम बहादुर, चंद्रवीर थापा, अनेष पोखरियाल, जगमोहन थापा, नमो नारायण, डीबी क्षेत्री, विक्रम प्रधान, माधव उपाध्याय, श्याम खत्री, कमल गुरुंग, राजेन्द्र थापा, दिनेश, विजय, डीएन थपलियाल, सागर लामा आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड के 7.60 लाख किसानों को मिली सम्मान निधि

देहरादून। किसान सम्मान निधि की 14 वीं किस्त के रूप में गुरूवार को उत्तराखंड के 7.60 लाख किसानों को 168 करोड़ रुपये मिल गए। प्रत्येक लाभार्थी के खाते में दो–दो हजार रुपये डीबीटी के जरिए ट्रांसफर किए गए हैं। राजस्थान के सीकर में आयोजित कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी ने 14 वीं किस्त वितरण किया। प्रदेश के किसान यहां सुभाष रोड स्थित एक होटल से वर्चुअल रूप से कार्यक्रम से जुड़े।

पीएम के संबोधन के बाद प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी भी राज्य के किसानों से रुबरू हुए। उन्होंने कहा कि पीएम ने देश किसानों को मजबूत करने का काम किया है। वर्ष 2014 तक केंद्रीय कृषि बजट महज 23 हजार करोड़ रुपये था। आज वह बढ़कर 1.25 लाख करोड़ तक पहुंच चुका है। जोशी ने कृषि सचिव को किसान भवन में किसानों की सुविधा के लिए कॉल सेंटर बनाने के निर्देश भी दिए। इस कॉल सेंटर पर किसान अपनी समस्याएं विभाग तक रख सकेंगे। साथ ही जोशी ने सभी किसानों से ईकेवाईसी कराने की अपील भी की।

कृषि सचिव दीपेंद्र कुमार चौधरी ने सम्मान निधि योजना विस्तार से जानकारी दी। कहा कि उत्तराखंड को 300 किसान उत्पादक समूह (एफपीओ) बनाने का लक्ष्य मिला है। इसके तहत अब तक 207 का गठन कर लिया गया है। पर्वतीय राज्यों में एक एफपीओ में कम से कम 100 काश्तकारों को रखा गया है।

# कांग्रेसियों ने किया स्मार्ट सिटी दफ्तर पर प्रदर्शन




देहरादून। महानगर कांग्रेस ने स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्यों में देरी और बारिश में शहरवासियों को हो रही परेशानी को प्रदर्शन किया। राजेंद्रनगर स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। साथ ही चेताया कि जनसमस्याओं का शीघ्र निस्तारण नहीं होने पर वह शहरी विकास मंत्री का घेराव करेंगे। गुरुवार को महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ता स्मार्ट सिटी सीईओ दफ्तर पहुंचे। यहां काफी देर तक नारेबाजी की। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि स्मार्ट सिटी परियोजना के सभी काम 30 जून तक पूरे होने थे, ऐसा नहीं करने पर कार्यदायी संस्थाओं पर जुर्माना लगाने की बात कही गई थी। लेकिन अभी भी शहर में तमाम परियोजनाओं के काम आधे–अधूरे पड़े हैं। बारिश में जगह–जगह कीचड़ जमा हो रहा है। लोग गड्ढों गिरकर चोटिल हो रहे हैं। नालियों का काम बरसात से पहले होना था, लेकिन काम अभी अधूरा है। पलटन बाजार और परेड ग्राउंड में भी काम अधूरे पड़े हैं। उन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए पूछा कि स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की स्थिति की सूचना सार्वजनिक करने, जोखिम वाले स्थानों पर पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए जाएं। परेड ग्राउंड और उसके आसपास किए गए स्मार्ट सिटी कार्यों का ऑडिट करने, ईसी रोड का काम जल्द पूरा करने के साथ ही सड़कों के गड्ढे भरने की मांग की।प्रदर्शन में प्रदेश महासचिव मनीष नागपाल, विजय कुमार सोनू, अरविंद गुरुग, उर्मिला थापा, इलियास अंसारी, संगीता गुप्ता,मोहम्मद शाहिद, प्रमोद गुप्ता, गोपाल सिंह गढ़िया, जगदीश धीमान, अभिषेक तिवारी, सुनील जयसवाल, राजेश पुंडीर, मंजू त्रिपाठी, रईस अहमद, सरदार हरजीत सिंह, विजय भट्टराई, अरुण बलूनी, अनुराग गुप्ता, अशोक वर्मा, आफताब अहमद, रामबाबू, दिनेश कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

### पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों का बहिष्कार तीसरे दिन भी जारी

देहरादून। लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन का तीन घंटे का कार्य बहिष्कार तीसरे दिन भी जारी रहा। आक्रोशित कर्मचारियों ने जल्द ही तीन सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष सुभाष देवलियाल ने बताया कि मिनिस्ट्रीयल कर्मचारियों का अनुरोध के आधार पर ट्रांसफर करने, समय पर पदोन्नति करने और मनमाने ट्रांसफरों पर रोक लगाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। लेकिन अभी तक उनकी मांगें नहीं मानी गई। जिस कारण कर्मचारियों को आंदोलन की राह पर चलना पड़ रहा है। बताया कि 31 जुलाई तक कर्मचारी कार्य बहिष्कार जारी रखेंगे, इसके बाद भी मांगें नहीं मानी गई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# रोटरी क्लब रॉयल की नई टीम ने ली शपथ



ऋषिकेश। रोटरी ऋषिकेश रॉयल क्लब के दूसरे इंस्टॉलेशन सेरेमनी कार्यक्रम में मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने नए अध्यक्ष विजय रावत को बैच पहनाकर क्लब की जिम्मेदारी सौंपी। क्लब के नए सदस्यों को शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में राज्य में टॉप करने पर साक्षी तिवारी, राज्यस्तरीय क्रिकेट खिलाड़ी निशा मिश्रा और अंडर–19 टीम के सदस्य सास्वत डंगवाल को ऋषिकेश गौरव सम्मान से नवाजा गया। दून रोड स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने दीप जलाकर किया। अग्रवाल ने कहा कि समाज हित में कार्य करने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति और जज्बे की जरूरत होती है, जो रोटरी क्लब के भीतर है। रोटरी क्लब ऋषिकेश में विगत 50 वर्षों से सामाजिक कार्य कर रहा है। एक वर्ष पूर्व बने रोटरी ऋषिकेश रॉयल ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अहम कार्य किये। पौधरोपण के जरिये क्लब ने न सिर्फ लोगों में एक अलख जगाई, बल्कि पर्यावरण को शुद्ध करने का भी काम किया। निर्धन बालिका की स्कूल फीस हो, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा की कोचिंग फीस, विद्यालय में कंप्यूटर देना हो या फिर सर्दियों में निराश्रितों को कंबल देना हो ऐसे कई कार्य रोटरी क्लब रॉयल की ओर से किए गए।

# नेपाल के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमण्डल ने की सीएम धामी से भेंट



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास में नेपाल के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट की। उन्होंने भारत–नेपाल से जुड़े विभिन्न सम सामयिक विषयों पर मुख्यमंत्री से चर्चा की।

प्रतिनिधिमण्डल में श्रीमती पम्पा भूसाल, रामेश्वर राय यादव, श्रीमती सत्या पहाड़ी, सुरेश कुमार राय, चक्रपाणि खनल ह्यबलदेवह्न शामिल थे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारत और नेपाल के लोगों में रहन–सहन, धार्मिक रीति–रिवाजों में काफी समानताएं हैं। उत्तराखण्ड का बड़ा क्षेत्र नेपाल की सीमा से लगा हुआ। भारत और नेपाल की चुनौतियां भी लगभग एक जैसी हैं। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों से कहा कि नेपाल के विकास के लिए जो भी सहयोग की आवश्यकता होगी, हर संभव मदद की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा उत्तराखण्ड में मानसखण्ड मंदिरमाला मिशन के तहत कार्य किये जा रहे हैं, इसके तहत पहले चरण में 16 मंदिरों को इससे जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि नेपाल का भी काफी क्षेत्र मानसखण्ड में आता है। नेपाल में भी मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के तहत कार्य हों, तो पर्यटन एवं तीर्थाटन के लिए उत्तराखण्ड आने वाले लोगों का रूझान नेपाल की ओर भी बढ़ेगा। जिससे लोगों को आजीविका बढ़ेगी।

# आई.पी.एस. कैडर में प्रोन्नत पुलिस सेवा के अधिकारियों ने की सीएम से भेंट



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गुरुवार को सचिवालय में आई.पी.एस. कैडर में प्रोन्नत पुलिस सेवा के अधिकारियों ने भेंट की। इनमें प्रमेन्द्र डोभाल, कमलेश उपाध्याय, तथा ममता बोहरा शामिल थे। मुख्यमंत्री ने तीनों अधिकारियों का बैच अलंकरण कर शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार, सचिव मुख्यमंत्री आर.मीनाक्षी सुन्दरम, विनय शंकर पाण्डेय उपस्थित थे।

## जंगली जानवरों से निजात को क्षेत्र में लगवाएं स्ट्रीट लाइट

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : संयुक्त समाजसेवी संगठन ने सनेह क्षेत्र के विभिन्न गांवों में स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की है। कहा कि स्ट्रीट लाइट न होने से वार्डवासियों को रात में जंगली जानवरों का डर लगता है।

इस संबध में मेयर हेमलता नेगी व नगर आयुक्त वैभव कुमार को सौंपा ज्ञापन में संगठन के पदाधिकारियों ने कहा है कि सनेह क्षेत्र के रामपुर, कोटड़ीढ़ांग, बिशनपुर व जीतपुर में अभी तक स्ट्रीट लाइट नहीं लग पाई हैं। इस कारण रात्रि में चारों तरफ अंधेरा छाया रहता है। अंधेरे में जंगली जानवरों का भय भी बना रहता है। ज्ञापन में महापौर व नगर आयुक्त से वार्डवासियों की इस समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में सचिव मोहन सिंह रावत, महानंद ध्यानी, हरेंद्र सिंह, चंद्रमणि देवरानी और गोविंदराम आदि थे।

# क्षेत्र का बेहतर विकास पहली प्राथमिकता : दलीप रावत

### विधायक ने किया किल्बोखाल-टकोलीखाल मोटर मार्ग डामरीकरण कार्य का उद्घाटन

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : लैंसडौन विधायक महंत दलीप रावत ने गुरूवार को 18 किमी. लंबे किल्बोखाल-टकोलीखाल मोटर मार्ग डामरीकरण व सुधारीकरण कार्य का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का बेहतर विकास उनकी पहली प्राथमिकता है। इसके लिए वह पूरी गंभीरता से कार्य कर रहे हैं।



मार्ग डामरीकरण कार्य का उद्घाटन करते विधायक दलीप रावत

कार्यक्रम में दलीप रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों के सर्वागींण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में सड़कों के डामरीकरण और सुधारीकरण का कार्य किया जा रहा है। कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं का सभी वर्गों के लोगों को लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने घोषणा की कि शीघ्र ही खिलू-कुंडेला मोटर मार्ग का उद्घाटन भी किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की भी अपील की। कहा कि ग्रामीणों के हित को देखते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। कार्यक्रम में रणवीर सजवाण, मण्डल अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, जिला पंचायत शालिनी बलोधी, अमित नेगी और रमेश रावत सहित क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

## बीडीसी बैठक में नहीं पहुंचे अधिकारी, जताया रोष

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : विकासखंड दुगड्डा के ग्राम प्रधान संगठन ने बीडीसी बैठक में जिलास्तरीय अधिकारियों के प्रतिभाग न करने पर रोष व्यक्त किया है।

इस संबध में खंड विकास अधिकारी दुगड्डा के माध्यम से जिलाधिकारी को भेजे ज्ञापन में प्रधान संगठन अध्यक्ष सरदार सिंह नेगी ने कहा है कि वर्तमान में बीडीसी बैठकों में जिलास्तरीय अधिकारी शामिल नहीं हो रहे हैं। अधिकारियों के इस उदासीन रवैये के कारण जन समस्याएं जस की तस बनी रहती हैं। साथ ही इससे बीडीसी बैठक की गरिमा को भी ठेस पहुंचती है। ज्ञापन में उन्होंने जिलाधिकारी से आगामी बीडीसी बैठक में सभी संबधित अधिकारियों को प्रतिभाग करने के लिए निर्देशित करने की अपील की है।

# जीजीआईसी कलालघाटी में आशा देवी बनी पीटीए अध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कलालघाटी में शिक्षक-अभिभावक संघ की पुरानी कार्यकारणी को भंग कर नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया। इस दौरान आशा देवी को अध्यक्ष व ऊषा रावत को सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने विद्यालय के बेहतर विकास में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। वहीं, विद्यालय को पीएमश्री योजना में शामिल होने पर खुशी जाहिर की गई।

बैठक में आशा देवी को अध्यक्ष व ऊषा रावत को सचिव की जिम्मेदारी के साथ ही चंद्रप्रकाश जखमोला को कोषाध्यक्ष चुना गया। महिला अभिभावक सदस्य के रूप में कल्पना लखेड़ा और पुरूष अभिभावक सदस्य के रूप में




जीजीआईसी कलालघाटी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते सदस्य

अहसान को शामिल किया गया। अभिभावक संघ की सचिव उषा रावत ने बैठक के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर पीएम श्री विद्यालय में अभिभावकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जनजागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। पीटीए की पदेन उपाध्यक्ष प्रधानाचार्य पुष्पा धस्माना ने कहा कि साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विद्यालय का चयन पीएमश्री योजना में किया गया है। योजना के तहत छात्राओं को विद्यालय में समस्त सुविधाएं प्राप्त होंगी। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई भी दी। इस मौके पर किरन जागरवाल, शिवेत्री सिंह, वीना शर्मा, ऋतु, डॉ. मंजू कपरवान, हेमलता बडोला, अर्चना कंडवाल, विनीता जोशी, सावित्री रावत, भावना पांडेय, सुमन आदि मौजूद रहे।

# जंगल में मिला बेहोश पूर्व सैनिक ,मौत

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : लैंसडौन वन प्रभाग की कोटद्वार रेंज के अंतर्गत घराट-मुंडला वन मार्ग पर एक पूर्व सैनिक संदेहास्पद परिस्थितियों में अचेतावस्था में मिला।

स्वजन उसे लेकर बेस चिकित्सालय में पहुंचे, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मौत का कारण कीटनाशक पदार्थ का सेवन बताया जा रहा है। मामले में मृतक की पत्नी की ओर से अपने पति की मौत का जिम्मेदार बहू को बताते हुए कोतवाली में तहरीर दी गई है।

जानकारी के अनुसार, घराट-मुंडला वन मार्ग पर गुज्जरों के डेरे के पास एक व्यक्ति अचेतावस्था में पड़ा नजर आया। डेरे में रहने वाले गुज्जर परिवारों ने इस संबंध में वन विभाग को सूचित किया। इसी बीच अचेत व्यक्ति का मोबाइल फोन बजने लगा। एक गुज्जर ने मोबाइल फोन रिसीव किया व व्यक्ति के स्वजनों को उनके घेरे के पास बेहोश होने के संबंध में सूचना दी।

### बहू को ठहराया मौत का जिम्मेदार

सूचना मिलते ही स्वजन मौके पर पहुंचे व अचेत पड़े ग्राम मुंडला निवासी चंद्रमोहन सिंह (67) पुत्र पंचम सिंह को बेस चिकित्सालय में लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर, गुरुवार को मृतक चंद्रमोहन की पत्नी गया देवी ने अपने पति चंद्रमोहन की मौत के लिए अपनी बहू को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस को दी गई तहरीर में गया देवी का कहना है कि उनकी बहू ने घरेलू हिंसा का वाद दायर किया हुआ है, जिसे लेकर उनके पति डिप्रेशन में थे। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## ढांडरी में पिंजरा लगाने की उठाई मांग, वन विभाग ने बढ़ाई गश्त

जयन्त प्रतिनिधि :

**पौड़ी** : ढांडरी में गुलदार की दहशत बरकरार है। जिलाधिकारी के आदेश के बाद यहां पर गुरुवार को स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहे। ग्राम प्रधान ने वन विभाग से गुलदार की दहशत से निजात दिलाने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। वहीं, वन विभाग ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है।

ढांडरी में इन दिनों गुलदार की दहशत बनी हुई है। बीते बुधवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढांडरी की प्रधानाध्यापिका ने प्रशासन को पत्र भेजकर कहा था कि स्कूल में बच्चों ने गुलदार को चहलकदमी करते हुए देखा है। जिस पर डीएम ने मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए ढांडरी में सभी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में 28 जुलाई तक अवकाश के आदेश जारी कर दिए है। गुलदार की दहशत से निजात दिलाने को लेकर बिचली ढांडरी की प्रधान लक्ष्मी रावत ने वन विभाग से क्षेत्र में पिंजरा लगाने की मांग की है। कहा कि क्षेत्र में लगातार गुलदार के दिखाए देने से ग्रामीण गुलदार की दहशत से परेशान है। उन्होंने क्षेत्र में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। इधर, पौड़ी नागदेव रेंज के रेंजर ललित मोहन नेगी ने बताया कि क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है। ग्रामीणों को भी एतिहात बरतने को कहा गया है।

## दुगड्डा ब्लॉक की रैली एक से

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत 8 से 14 वर्ष के खिलाड़यों के चयन के लिए दुगड्डा ब्लाक की रैली का आयोजन 1 से 5 अगस्त तक राजकीय स्पोर्टस स्टेडियम में किया जायेगा। रैली में नगर निगम क्षेत्र व न्याय पंचायत क्षेत्र के सभी विद्यालयों के छात्र-छात्रा प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी देते हुए ब्लाक खेल समन्वयक विनोद पंत ने ब्लाक के समस्त विद्यालयों के प्रबंधन से उपरोक्त उम्र के छात्र-छात्राओं को शारीरिक शिक्षकों के साथ रैली में प्रतिभाग करने के लिए भेजने की अपील की है।

# कोटद्वार से दिल्ली के लिए चलवाएं रात्रि ट्रेन

**कोटद्वार** : कोटद्वार से दिल्ली के लिए रात्रि ट्रेन चलवाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर नागरिक मंच ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। मंच ने मध्य प्रदेश के सुंदरवन सेंचुरी की तर्ज पर कोटद्वार-कालागढ़ मार्ग पर एलिवेटड रोड बनाने की भी मांग की है। नागरिक मंच के अध्यक्ष सीपी नैथानी और महासचिव अतुल भट्ट ने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन प्रेषित किया है। उन्होंने प्रेषित ज्ञापन में कहा कि कोटद्वार को गढ़वाल का प्रवेश द्वार कहा जाता है। लेकिन, आज भी कोटद्वार शहर विकास को तरस रहा है। राज्य निर्माण के 22 वर्ष बाद भी कोटद्वार विधानसभा में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। विकास के नाम पर महज नगर निगम थोपा गया है। जिससे क्षेत्रवासियों में गहरा रोष व्याप्त है। कहा कि कालागढ़ रामनगर मोटर मार्ग पर बस सेवा बंद कर दी गई है। जबकि चिलरखाल लालढांग मार्ग पर बरसात के दिनों में चार माह आवाजाही ठप रहती है। कहा कि मध्य प्रदेश के सुंदरवन सेंचुरी मार्ग की तर्ज पर कोटद्वार-कालागढ़ मार्ग पर एलिवेटेड रोड बनाने, कण्वाश्रम के विकास के लिए सीएसआर फंड से धनराशि स्वीकृत करने, मसूरी एक्सप्रेस पकड़ने के लिए कोटद्वार और नजीबाबाद के मध्य रात्रि के समय ईएमयू ट्रेन चलाने, हावड़ा, जम्मू तवी व मुम्बई के लिए नई ट्रेन सेवाएं संचालित करने की मांग की है।

## अभिभावकों को नई शिक्षा नीति के बारे में जानकारी दी

जयन्त प्रतिनिधि

**पौड़ी** : राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की तीसरी वर्षगांठ पर केंद्रीय विद्यायल पौड़ी में अभिभावकों को नई शिक्षा नीति की जानकारी दी।

गुरुवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ पर केंद्रीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल की प्रभारी प्राचार्य मनीषा मखीजा ने अभिभावकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति की विस्तार से जानकारी दी।

पत्रकारों से बातचीत में प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्कूल में कक्षा 1 में प्रवेश की आयु 6 साल कर दी गई है।

देहरादून संभाग के 23 स्कूलों में बाल वाटिका शुरू हो गई है। इसके साथ ही विद्यांजलि दीक्षा पोर्टल, पीएम ईविद्या से छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन करवाया जा रहा है। कहा कि बच्चों को उनकी आयु के अनुसार व उनके अनुरूप शिक्षा दी जा रही है। जवाहर नवोदय विद्यालय खैरासैंण के प्राचार्य योगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा 2 तक लोकल भाषा से भी शिक्षा देने का काम किया जा रहा है। इसके साथ ही जिन भाषाओं की लिपि उपलब्ध है उन भाषाओं के तहत कक्षा 5 तक शिक्षा देने का प्रावधान है।

नई शिक्षा नीति के तहत देश में अन्य राज्यों में जाने पर बच्चों को पठन-पाठन में दिक्कत ना हो इसके लिए भूभाषा वाद के तहत भी बच्चों को शिक्षा दी जा रही है। इस मौके पर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी विजय कपरवान, राइंका क्यार्क के प्रधानाचार्य डा.कमलेश कुमार मिश्रा आदि शामिल रहे।

## 10 अगस्त तक करें कौंसी स्मृति फेलोशिप के लिए आवेदन

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के पॉल्यों जिसने इंटरमीडिएट परीक्षा या आईआईटी प्रवेश परीक्षा सर्वोच्च अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो उनसे कौंसी स्मृति फेलोशिप-2024 के लिए 10 अगस्त तक आवेदन मांगे गए हैं। उत्तराखंड विवि कर्मचारी महासंघ के मुख्य संरक्षक राजेंद्र सिंह भंडारी ने बताया कि जिन कर्मचारियों के पॉल्यों ने इंटरमीडिएट तथा आईआईटी प्रवेश परीक्षा सर्वोच्च अंक के साथ उत्तीर्ण की वह 10 अगस्त तक फेलोशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। कहा इसके लिए अंकतालिका व आईडी कार्ड की छाया प्रति प्रवजन प्रमाण पत्र अनुभाग में उनके पास या लीगल अनुभाग में कुलदीप रावत के पास जमा कर सकते हैं। कहा 10 अगस्त के बाद किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। (एजेंसी)

# सतपाल महाराज ने किया मालन पुल का निरीक्षण

### यूपी के मुख्यमंत्री के विशेष कार्यधिकारी के घर पहुंकर उनके दिवंगत पिता को दी श्रद्धांजलि

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : लोकनिर्माण मंत्री सतपाल महाराज ने कोटद्वार पहुंचकर मालन नदी की भेंट चढ़े क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों को जल्द ही व्यवस्थओं को बेहतर बनाने का आश्वासन दिया। इस दौरान सतपाल महाराज ने बदरीनाथ रोड़ स्थित उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विशेष कार्याधिकारी राज भूषण सिंह रावत के दिवंगत पिता को श्रद्धांजलि देने उनके घर भी गये।

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने गुरुवार को मालन नदी में क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण किया। साथ विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि मालन नदी पर डायवर्जन का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।



योगी आदित्यनाथ के विशेष कार्याधिकारी राज भूषण सिंह रावत के आवास पर पहुंचे सतपाल महाराज

जिसे 4 अगस्त तक पूरा कर लिया जाएगा। महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि नदियों के चैनेलाइजेशन के लिए पूरी योजना बनाकर हाईकोर्ट जायेंगे। ताकि इस प्रकार की चुनौतियों से निपटा जा सके। कहा कि प्रदेश में अतिवृष्टि से कई सेतु को नुकसान पहुंचा है। महाराज ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों को पूर्व में ही निर्देश दिये हैं कि सड़कों के अवरुद्ध होने की स्थिति में वैकल्पिक मार्गों को खोला जाए। कहा कि बरसात बंद होने के पश्चात तत्काल प्रदेश की सभी सड़कों को ठीक करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इसके उपरांत सतपाल महाराज बदरीनाथ मार्ग स्थित उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विशेष कार्याधिकारी राज भूषण सिंह रावत के आवास पर भी पहुंचे। हाल ही में राज भूषण सिंह रावत के पिता का आकस्मिक निधन हुआ था। महाराज ने उनके दिवंगत पिता को श्रद्धांजलि दी।

## क्विज में राहुल और सौम्या ने मारी बाजी

**श्रीनगर गढ़वाल** : राजकीय मेडिकल कॉलेज में 36वीं आईएपी पीडियाट्रिक क्विज फॉर अंडरग्रेजुएट्स का आयोजन किया गया। जिसमें एमबीबीएस स्नातक छात्रों ने बाल चिकित्सा में अपने ज्ञान और रुचि का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के चुनी गई चार टीमों में डी टीम के राहुल कुमार, सौम्या प्रसाद ने क्विज प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि दूसरे स्थान पर बी टीम के गौरांश जोशी, प्राची जोशी, तीसरे स्थान पर टीम सी से सवानी, राजेश कुमार और चौथे स्थान पर टीम ए के सिद्धार्थ रावत, सोनाली बिष्ट रहे। प्रतियोगिता में विजेता टीम को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. व्यास कुमार राठौर, सीनियर रेजिडेंट डॉ. मिनाक्षी रावत, डॉ. संकेत भद्र, डॉ. सूरज कनौजिया, डॉ. दीपा हटवाल, डॉ. सृजन, डॉ. निरंजन, डॉ. किंगशुक लाहोन, डॉ. पवन, डॉ. सुरिंदर और डॉ. कैलाश गैरोला, डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, डॉ. मोनिका जस्सल, डॉ. संजना सिंह, डॉ. आमिर सुहैल, डॉ. अंशुल कुमार आदि ने सहयोग दिया। (एजेंसी)

## निबंध में सौजन्या रही अव्वल

**श्रीनगर गढ़वाल** : कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में कीर्तिनगर विकासखंड के राइंका जखंड में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में सौजन्या ने प्रथम, प्रियांशु ने द्वितीय एवं प्रीति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मौके पर प्रधानाचार्य ओपी बडोनी ने छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। (एजेंसी)

# गणित की परीक्षा स्थगित होने पर भड़के छात्र

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि में 27 जुलाई को सुबह 8 से 10 बजे की पाली में होने वाली बीए/बीएससी गणित कॉम्पलैक्स एनालिसिस की परीक्षा के प्रश्न पत्र में गड़बड़ी के कारण उक्त परीक्षा गुरुवार को रद होने से छात्र भड़क गए। विरोध स्वरूप परीक्षा नियंत्रक का घेराव करने गए छात्रों ने आरोप लगाया कि गणित के प्रश्न पत्र में 31 जुलाई को होने वाले लॉ विषय के कुछ प्रश्न प्रिंट किए गए थे। जिससे विवि को यह परीक्षा स्थगित करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि इससे दूर-दराज से विवि में परीक्षा देने पहुंचे छात्रों का समय और धन बर्बाद हुआ। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और छात्रों का हर्जाना देने की मांग की।

गुरुवार को विवि छात्र संघ अध्यक्ष गौरव मोहन नेगी, सचिव सम्राट राणा, पूर्व उपाध्यक्ष अनमोल भंडारी व छात्र नेता विरेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में परीक्षा नियंत्रक का घेराव करने पहुंचे छात्रों ने विवि की कार्य प्रणाली पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए विवि प्रशासन के विरोध में नारेबाजी की। इस दौरान सचिव सम्राट राणा ने कहा कि गुरुवार को सुबह की पाली में परीक्षा देने पहुंचे छात्रों को परीक्षा कक्ष में उत्तर पुस्तिकाएं वितरित कर दी गई थी, साथ ही छात्रों ने उत्तर पुस्तिका में अपने अनुक्रमांक आदि भी अंकित कर दिए थे, लेकिन प्रश्नपत्र खुलने के बाद छात्रों को परीक्षा स्थगित होने की बात कहकर परीक्षा कक्षों से बाहर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि उक्त परीक्षा को देने बैक पेपर परीक्षार्थी भी दूर-दराज से पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि विवि की गलती का खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ा। घेराव के दौरान छात्र नेताओं की विवि के परीक्षा नियंत्रक व अन्य अधिकारियों के साथ तीखी बहस भी हुई। मौके पर अमन कांडपाल, नीरज पंचोली, अनुज कंडारी, मानस, अभिषेक श्रीयाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### अब इस दिन होगी परीक्षा

हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि प्रशासन ने बीएससी/बीए गणित के षष्टम सेमेस्टर के कॉम्पलैक्स एनालिसिस प्रश्न पत्र में प्रिटिंग गड़बड़ी के कारण 27 जुलाई को होने वाली परीक्षा स्थगित कर दी है। अब यह परीक्षा 10 अगस्त को सायं 3 से 5 बजे की पाली में संपन्न होगी। विवि के सहायक कुलसचिव परीक्षा अरविंद कुमार ने इसके आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि उक्त परीक्षा गुरूवार को विवि के 4 परीक्षा केंद्रों पर थी, जिसमें परीक्षा देने वाले करीब 650 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे।

## शिक्षा मंत्री का जताया आभार

जयन्त प्रतिनिधि

**श्रीनगर गढ़वाल** : योग प्रशिक्षितों ने शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत का योग विषय को स्कूलों में शामिल कराए जाने पर स्वागत एवं धन्यवाद कार्यक्रम आयोजित किया। मौके पर योग संगठन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश भट्ट, विवि के योग विभाग के डा. विनोद नौटियाल, डा. रजनी नौटियाल एवं अन्य योग प्रशिक्षितों ने मंत्री का सम्मान कर आभार जताया।

वहीं दूसरी ओर योग प्रशिक्षित महासंघ की बैठक में शिक्षा मंत्री द्वारा योग को स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम में सम्मिलित कराए जाने के निर्णय पर खुशी प्रकट की। महासंघ के संरक्षक रामकृष्ण रतूड़ी ने कहा कि इस निर्णय से समस्त योग प्रशिक्षितों में ऊर्जा का संचार हुआ है। खुशी जताने वालों में दमयन्ती, ममता, सीमा, संजय भट्ट मनमोहन सिंह, जगमोहन सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# कड़क पहाड़ी काशीरामपुर तल्ला ने जीता वॉलीबाल का खिताब

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : कड़क पहाड़ी खेल प्रोत्साहन समिति की ओर से कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित वॉलीबाल प्रतियोगिता कड़क पहाड़ी काशीरामपुर तल्ला ने जीत ली है। फाइनल मुकाबले में उसने मवाकोट को हराया। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मवाकोट के दीपक को दिया गया।

बृहस्पतिवार को फाइनल मैच का उद्घाटन कर्नल चंद्रपाल पटवाल (से.नि.) ने किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने सैनिकों पर गर्व है। साथ ही प्रत्येक भारतीय में देशभक्ति की भावना कूट-कूटकर भरी होनी चाहिए। फाइनल मुकाबले में कड़क पहाड़ी काशीरामपुर तल्ला कोटद्वार ने मवाकोट को सीधे सेटों में 21-6, 24-22, 15-12 से हराकर खिताब अपने नाम किया। निर्णायक की भूमिका गौरव ढौंडियाल ने निभाई। मैच का आंखों देखा हाल मेहरबान सिंह ने सुनाया। समिति के अध्यक्ष बबलू नेगी ने प्रतियोगिता का संचालन किया। संचालन अंचल कुमार अग्रवाल ने किया।

## तहसील दिवस 1 अगस्त को

**पौड़ी** : एक अगस्त को जन समस्याओं के निस्तारण के लिए जिलाधिकारी डा. आशीष चौहान की अध्यक्षता में थलीसैंण में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। तहसीलदार थलीसैंण ने बताया कि1 अगस्त को थलीसैंण तहसील परिसर में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को पूरी तैयारी के साथ तहसील दिवस में आने के निर्देश दिए है।

## श्रुति ने नेट, जेआरएफ परीक्षा पास की

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्रीनगर की श्रुति रतूड़ी ने संगीत विषय में पहले ही प्रयास में नेट, जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण की है। जिस पर स्थानीय लोगों ने खुशी जाहिर की है। श्रुति ने इंटर कान्वेंट स्कूल श्रीनगर से व बीए वनस्थली विद्यापीठ राजस्थान तथा एमए दिल्ली विवि से 2023 में किया। उन्होंने बताया कि नेट, जेआरएफ में पहले ही प्रयास में स्वाध्याय से उन्हें सफलता मिली है। श्रुति के पिता वीरेंद्र रतूड़ी उत्तराखंड ग्रामीण बैंक में शाखा प्रबंधक व माता पूनम रतूड़ी अध्यापिका हैं। (एजेंसी)

# 34 दिन से चली आ रही गुरिल्ला जनजागरण रथ यात्रा का हुआ समापन




अल्मोड़ा। गुरिल्ला जनजागरण रथयात्रा के 34 दिन के बाद गैरसैंण में आयोजित विशाल समापन रैली के बाद अल्मोड़ा पहुंचे संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष ब्रह्मा नन्द डालाकोटी ने प्रेस को विज्ञप्ति जारी की।

उन्होंने यात्रा को सफल बताते हुए कहा कि लंबे समय से चल रहे आंदोलन तथा विगत वर्षों में कोरोना महामारी के चलते जो गुरिल्ले निराशा–हताशा के चलते घरों में बैठ गये थे, उनमें नव चेतना का संचार हुआ है तथा वे पुनः संगठित हो अपने हकों के लिए कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष को तैयार हैं। आगामी कार्यक्रमों की घोषणा करते हुए डालाकोटी ने बताया कि, गुरिल्लों की केन्द्रीय कमेटी का एक शिष्टमंडल 30 जुलाई को दिल्ली रवाना होगा तथा तीन दिन दिल्ली में सांसदों से मुलाकात करेगा तथा मंत्रियों से भी मुलाकात के समय की मांग करेगा। उसके बाद 9 अगस्त को देहरादून मुख्यमंत्री आवास घेराव के कार्यक्रम की तैयारी हेतु गुरिल्ला प्रतिनिधि देहरादून में डेरा डालेंगे और उत्तराखंड के सभी जिलों से गुरिल्लों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अन्य नजदीकी राज्यों के गुरिल्लों को भी देहरादून में भागीदारी कराएंगे।

## शिक्षकों की नियुक्ति की मांग उठाई

चम्पावत : नेपाल सीमा से लगे जीआईसी दिगालीचौड़ में पीटीए और एसएमसी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों ने विद्यालय की समस्याओं पर चर्चा की। इस मौके पर विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य घनश्याम भट्ट की अध्यक्षता और डॉ. सुधाकर जोशी के संचालन में आयोजित बैठक में अभिभावकों ने विद्यालय की चाहर दिवारी निर्माण की मांग की। इसके अलावा स्कूल में लंबे समय से रिक्त पड़े पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति का मुद्दा उठाया। कहा कि विद्यालय में 10 साल से संस्कृत प्रवक्ता का पद रिक्त चल रहा है जबकि जीव विज्ञान प्रवक्ता का स्थानान्तरण होने से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। अभिभावकों ने जल्द समस्या का समाधान की मांग की।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल का कारावास



अल्मोड़ा। विशेष सत्र न्यायाधीश कौशल किशोर शुक्ला की अदालत ने पॉक्सो एक्ट के तहत अभियुक्त को 10 साल का कठोर कारावास व 10 हजार रुपये का जुर्माना किया है। वहीं धारा–363 ताहि में 3 साल की सजा व 1000 हजार रुपये का अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियुक्त राम बहादुर शाही पुत्र कटक बहादुर साही नेपाल के कमल बाजार नगर पालिका वार्ड नं 5 वीरपद थाना कमल बाजार अंचल सेती जिला आछंम का मूल निवासी है जबकि उसने वारदात अल्मोड़ा कोतवाली के अंतर्गत मालगॉव में रहते हुए की थी। अभियोजन की ओर से अदालत को बताया गया कि पीड़िता की माता ने थाना कोतवाली अल्मोड़ा में 21 मार्च 2022 को एफआईआर लिखाई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि उसकी नाबालिग पुत्री (पीड़िता) 20 मार्च 2022 को पानी लेने नौले गयी हुई थी। जहां से अभियुक्त उसे बहला फुसलाकर कर अपने कमरे में ले गया और उसके साथ बलात्कार किया है। वादनी के दामाद द्वारा अभियुक्त के कमरे का दरवाजा खटखटाने पर वह दरवाजा खोलकर वह मौके से भाग गया। वापस लौटी नाबालिग ने परिजनों को आपबीती बताई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत के आदेश पर जेल भेज दिया। विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले में अभियोजन की ओर से आधा दर्जन गवाह पेश किए गए। अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पूरन सिंह कैड़ा व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी शेखर चन्द्र नैल्वाल तथा सह परीविक्षा अधिकारी अभिलाषा तिवारी की ओर से मामले में सबल पैरवी की गई। दस्तावेजी साक्ष्य भी न्यायालय में प्रस्तुत किये गये। विशेष सत्र न्यायाधीश ने पत्रावली पर मौजूद मौखिक व दस्तावेजी साक्ष्यों का परिशीलन कर अभियुक्त को उक्त सजा सुनाई है। यह सभी सजाएं साथ–साथ चलेंगी।

# शारदा नदी से हो रहे भू–कटाव से निजात दिलाई जाए

चम्पावत : टनकपुर के गैड़ाखाली गांव के ग्रामीणों ने शारदा नदी से हो रहे भू-कटाव से निजात दिलाने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में कैंप कार्यालय के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा है। गुरुवार को गैड़ाखाली के ग्रामीणों ने कैंप कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि उनकी कृषि योग्य भूमि नदी में शारदा नदी के तेज प्रवाह में बह गई है।

बताया कि साल 2021 में आई आपदा में उचौलीगोठ से लेकर खेतखेड़ा, गैड़ाखाली, थ्वालखेड़ा सहित तमाम गांव की सैकड़ो बीघा कृषि योग्य भूमि नदी की भेंट चढ़ गई थी।

तब से भू-कटाव का सिलसिला जारी है। बताया कि दो वर्ष बीत जाने के बाद भी भू-कटाव से निजात दिलाने को कोई कदम नहीं उठाए गए हैं। ज्ञापन देने वालों में तेज सिंह खाती, चंचल सिंह खाती, गोपाल सिंह खाती, नरेंद्र सिंह, रवि सिंह बिष्ट, मोहित कनवाल, श्याम सिंह, पुष्कर सिंह, राजेश मोहन, महेश्वर दत्त आदि रहे। (एजेंसी)

## महिला की संदिग्ध हालात में मौत

रुद्रपुर : थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध हालात में जहर खाने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, पीलीभीत यूपी निवासी पार्वती (30 वर्षीय) पत्नी अनिल कुमार अपने दो बच्चों के साथ राजा कॉलोनी ट्रांजिट कैंप में एक किराए के मकान में रहती थी। उसका पति अनिल सिडकुल की एक कंपनी में मजदूरी करता है। पुलिस के मुताबिक, परिजनों का कहना था कि बुधवार सुबह रोजाना की तरह उसका पति काम करने गया था।

करीब 11 बजे उसे पता चला कि पत्नी ने जहर खा लिया है। इसके बाद उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं जब परिजनों से इस संबंध में जानकारी ली गई तो उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। पुलिस के मुताबिक, पारिवारिक कलह होने की जानकारी मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। (एजेंसी)

## शराब पीकर हुड़दंग कर रहे चार युवकों पर बीस हजार का जुर्माना

चम्पावत : सड़क में शराब पीकर हुड़दंग कर रहे यूएसनगर निवासी चार युवकों पर पुलिस ने 20 हजार से अधिक का जुर्माना लगाया है, उनसे बरामद कार भी सीज की गई है। बुधवार देर शाम पिथौरागढ़ चुंगी के पास पुलिस की चेकिंग में डीजे की तेज आवाज के साथ एक कार आठवें मील से टनकपुर की ओर आती दिखाई दी। चौराहे पर चेकिंग कर रहे मनिहारगोठ चौकी प्रभारी जितेंद्र बिष्ट ने कार डीएल 2 सी बीबी 8279 को रोकने का प्रयास किया, लेकिन कार नहीं रोकी। इसके बाद कार का पीछा कर उसे रोका गया। बताया कि कार में सवार चारों युवक यूएसनगर के खटीमा और नानकमत्ता निवासी चालक दीपेश चंद, पवन चंद, रवि चंद और दीपांशु का मेडिकल कराया गया। (एजेंसी)

# अल्मोड़ा पुलिस द्वारा नाबालिगों के वाहन चलाने पर सख्त कार्यवाही, 4 स्कूटर सीज



अल्मोड़ा। एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों व यातायात पुलिस अधिकारियों को नाबालिगों के वाहन चलाने, बिना हेलमेट/तीन सवारी व रैश ड्राईविंग/स्टंट करने वाले वाहन चालकों पर अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में बुधवार 26 जुलाई को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा अरुण कुमार के नेतृत्व में एसएसआई सतीश चन्द्र कापड़ी द्वारा पुलिस बल के साथ नगर के नियाजगंज, गोपालधारा, रानीधारा व एलआरसाह रोड पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 04 नाबालिगों के स्कूटी चलाते हुए पाए जाने पर चालानी कार्यवाही करते हुए चारों स्कूटी को सीज किया गया। इसके अतिरिक्त 02 वाहन चालक बिना हेलमेट व बिना वाहन कागजात के वाहन चलाते पाए गए जिस पर सम्बन्धित वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए उनके वाहन सीज किये गये साथ ही अन्य 07 वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर उनके विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए पचपन सौ रुपये जुर्माना वसूला गया।

# आईएएस आकांक्षा कोंडे ने मुख्य विकास अधिकारी के रूप में कार्यभार किया ग्रहण



अल्मोड़ा। 2018 बैच की आईएएस आकांक्षा कोंडे ने बुधवार 26 जुलाई को अपराह्न में अल्मोड़ा जनपद की मुख्य विकास अधिकारी के रूप में कार्यभार संभाल लिया। आकांक्षा कोण्डे इससे पूर्व महाप्रबंधक सिडकुल हरिद्वार के पद पर तैनात थी। आकांक्षा कोंडे अल्मोड़ा की 24वीं नंबर की मुख्य विकास अधिकारी हैं।

इस दौरान उन्होंने अल्मोड़ा की संभ्रांत जनता का अभिवादन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना तथा योजनाओं का सही क्रियान्वयन करना उनकी प्राथमिकता में रहेगा। उन्होंने कहा कि कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाएगा तथा जनता तथा मीडिया के माध्यम से आने वाली समस्याओं का निदान करने का प्रयास किया जाएगा।

## नदी किनारे क्षेत्रों में न करें आवाजाही

पिथौरागढ़ : बलुवाकोट पुलिस ने काली नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए लोगों से नदी किनारे क्षेत्रों में आवाजाही न करने की अपील की है। एसपी लोकेश्वर सिंह के निर्देश पर थानाध्यक्ष अनिल आर्या के नेतृत्व में पुलिस ने लाउडस्पीकर के जरिए लोगों से अपील की। उन्होंने खतरे को देखते हुए आमजन से नदी से दूर रहने और अपने मवेशियों को भी दूर रखने को कहा। (एजेंसी)

## 36 का हुआ जिलास्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन

रुद्रपुर : शहीद खुदीराम बोस स्टेडियम में गुरुवार को मुख्यमंत्री उदयीमान खिलाड़ी छात्रवृत्ति योजना के तहत दो दिवसीय चयन ट्रायल प्रतियोगिता के फाइनल राउंड का आयोजन किया गया। चयन प्रक्रिया का शुभारंभ खंड शिक्षाधिकारी भाष्करानंद पांडेय और अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मधुसूदन मिश्र ने संयुक्त रूप से किया। फाइनल राउंड में न्याय पंचायत और नगर पंचायत स्तर पर वर्गवार प्रतियोगिताएं हुईं। इसमें 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। छह प्रतियोगिताओं में अंकों के आधार पर 36 प्रतिभागियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ।

निर्णायकों में संतोष टम्टा, अशोक चौहान, अंकित कुमार आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

# नगर व्यापार मंडल ने कहा बाहरी व्यक्तियों को न लगाने दें दुकानें

अल्मोड़ा। नगर व्यापार मंडल अल्मोड़ा के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष सुशील साह के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी सदर अल्मोड़ा गोपाल सिंह चौहान से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि इस समय नगर के विभिन्न क्षेत्रों में मेलों और महोत्सवों का आयोजन होता है जो नगर की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर भी है। लेकिन मेले और महोत्सव के नाम पर बड़े–बड़े बाजारों को लगाने को लेकर और बाहरी व्यक्तियों की दुकानों को लेकर नगर व्यापार मंडल अपनी आपत्ति दर्ज करता है। क्योंकि इससे स्थानीय व्यापारियों का व्यापार समाप्त होता है। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि विगत कुछ वर्षों से नगर का व्यापार बुरी तरह प्रभावित है। अतः महोत्सवों और मेलों के नाम पर लगने वाले बाजार, सेल और दुकानों को अनुमति प्रदान न की जाय। इसके बाद नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुशील साह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मेलों और महोत्सवों में बाहर से आने वाले व्यापारी यहाँ अपनी दुकान, सेल इत्यादि लगाते हैं जिससे अल्मोड़ा के स्थानीय व्यापारियों का व्यापार समाप्त होता है। इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल ने ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की है कि किसी भी दशा में मेले एवं महोत्सवों में बाहरी व्यापारियों को यहां दुकान, सेल लगाने की अनुमति ना दी जाए। यदि ऐसा होता है तो इसका व्यापक विरोध किया जाएगा। इस अवसर व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं स्थानीय लोग शामिल रहे।

## शारदा नहर में कूदी नाबालिग, पुलिस ने बचाया

चम्पावत : अज्ञात कारणों के चलते बनबसा निवासी एक नाबालिग छात्रा ने शारदा नहर में छलांग लगा दी।

पुलिस और गोताखोर ने समय रहते नाबालिक को डूबने से बचा लिया। मीना बाजार निवासी एक नाबालिग छात्रा ने अज्ञात कारणों से शारदा नहर में छलांग लगा दी।

# केएमवीएन कर्मियों ने गांधीवादी तरीके से पौध लगाकर किया आंदोलन

पिथौरागढ़ : संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में निगम कर्मियों ने गांधीवादी तरीके से पेड़ लगाकर आंदोलन किया।

इस दौरान उन्होंने दो सूत्रीय मांगें रखी। निगम के आवास गृह निजी हाथों में नहीं दिए जाने की मांग की गई। गुरुवार को 8वें दिन भी निगम के कर्मचारियों ने सत्याग्रह जारी रखा। आवास गृह, गैस एजेंसी सहित अन्य इकाइयों के परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौध का रोपण किया गया। गुरुरानी ने कहा कि निगम कर्मचारियों ने सभी जनपदों से मुख्यमंत्री को अपनी 2 सूत्रीय मांग का ज्ञापन भेजा है। कहा कि सीएम से पर्यटन विकास परिषद की तरफ निकाली गई निविदा को निरस्त करने के साथ दोनों निगमों के किसी भी आवास गृह को निजी क्षेत्र में नहीं देने की मांग की गई है । शासन स्तर पर 12 अप्रैल को हुए समझौते के तहत संविदा कर्मचारियों को समान कार्य समान वेतन देने की भी मांग की गई है। (एजेंसी)

## तमंचा, चाकू के साथ दो पकड़े

रुद्रपुर : पुलिस ने तमंचा व चाकू के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एसआई संजय कुमार व एसआई शंकर सिंह बिष्ट ने ग्राम बिसौटा के नजदीक युवक राजेश सिंह राणा निवासी ग्राम मगरसड़ा को एक तमंचा, कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार नशे की लत में राजेश राणा तमंचा रखकर घूमता है। वहीं, एसआई लक्ष्मण दत्त जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोनू अंसारी निवासी वार्ड 4, इस्लामनगर को चाकू समेत गिरफ्तार किया है। (एजेंसी)

## 76 पेटी अंग्रेजी शराब पकड़ी

पिथौरागढ़ : पुलिस ने 76 पेटी अंग्रेजी शराब पकड़ी है। थानाध्यक्ष योगेश कुमार ने बताया कि मस्मोली गांव में वाहन यूके 05 सीए 1868 की जांच की गई। उसमें पिथौरागढ़ से बेरीनाग जाने वाली शराब थल में मिली। चालक भरत सिंह पुत्र हुकुम सिंह ने बताया कि दुकान मालिक ने उन्हें फोन कॉल के आधार पर शराब उतारने को कहा था। थानाध्यक्ष ने निर्धारित रूट से अलग लाई जा रही शराब को सीज कर आबकारी अधिनियम केस दर्ज किया है। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल सुरेश चंद्र, पवन कुमार, चालक जगदीश मारकूना शामिल रहे। (एजेंसी)

# 1 साल से फरार वारंटी झुन्झुनू राजस्थान से किया गिरफ्तार




अल्मोड़ा। जनपद के एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु द्वारा जनपद के सभी थाना/चौकी प्रभारियों को न्यायालय से प्राप्त समन, नोटिस एवं वारंट आदि की शत प्रतिशत तामीली करते हुए वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु सख्त निर्देश दिये गये हैं। लमगड़ा पुलिस द्वारा न्यायालय से प्राप्त गिरफ्तारी वारंट फौ0वा0 संख्या–25/2022, एफआईआर न0–19/21 धारा– 8/21 एनडीपीएस अधिनियम से सम्बन्धित वारंटी अभियुक्त राजेन्द्र सिंह पुत्र देव सिंह बिष्ट निवासी ग्राम सेल्टा चापड, थाना लमगडा, जिला अल्मोड़ा विगत 01 वर्ष से फरार चल रहा था। राजेन्द्र सिंह की गिरफ्तारी हेतु ठोस सुरागरसी–पतारसी कर अथक प्रयासों से बुधवार 26 जुलाई को दबिश देकर झुन्झुनू, राजस्थान से पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। यहाँ पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सुनील कुमार, कांस्टेबल नीरज सिंह शाही, चौकी जैती, थाना लमगड़ा से शामिल रहे।

# पूर्व विधायक ने व्यापारियों को पुर्नस्थापित करने की मांग

रुद्रपुर : जी-20 सम्मेलन के दौरान एनएच 87 में अतिक्रमण के दायरे में आकर हटाए गए व्यापारियों को पुर्नस्थापित करने की मांग को लेकर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने नगर आयुक्त से मुलाकात की।

उन्होंने नगर आयुक्त को ज्ञापन देकर वेंडिंग जोन में व्यापारियों को पुर्नस्थापित करने अथवा वैकल्पिक व्यवस्था बनाए जाने की मांग की। फड़ व्यवसायियों ने भी पूर्व विधायक ठुकराल के नेतृत्व में नगर आयुक्त विशाल मिश्रा को सौंपा। गुरुवार को विकास भवन कार्यालय में नगर आयुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि फड़ व्यवसायियों के सामने परिवार चलाने के लिए रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है। उन्होंने व्यवसायियों को अन्यंत्र जगह वेंडिंग जोन में स्थान दिए जाने का आग्रह किया। नगर आयुक्त मिश्रा ने कहा कि जल्द वेंडिंग जोन कमेटी की बैठक बुलाई जाएगी। उन्होंने फड़ व्यवसायियों के हित में निर्णय लेने का आश्वासन दिया। इस दौरान विक्की गांधी, परवीन कुमार, प्रेमपाल प्रजापति, मो. नाजिम, मनमोहन सिंह, हरि सिंह, महेश पाल, धर्मवीर सिंह, रविंद्र पाल, आसिफ रजा, चंद्र प्रकाश, जलील अहम्मद,शराफत अली, लईक अली, मोनू आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## चुघ ने डीएम से मिलकर रुद्रपुर की विभिन्न समस्याएं बताईं

रुद्रपुर : भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने जिलाधिकारी उदय राज सिंह से मुलाकात की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। कहा कि जिला मुख्यालय में ड्रेनेज की उचित व्यवस्था नहीं है। किच्छा मार्ग पर पिछले वर्षों से कूड़े का ढेर जमा होने से लोगों को परेशानियों के साथ संक्रामक बीमारियां फैल रही हैं। नगर के मुख्य मार्गों के दोनों सर्विस लेन न होने के कारण लोगों को दिक्कतें होती हैं। उन्होंने किच्छा, काशीपुर, नैनीताल व बिलासपुर, किच्छा बाईपास व काशीपुर बाईपास मार्ग में सड़क के दोनों ओर सर्विस लेन का निर्माण कराने की मांग की। शहर में सीवर लाइन बिछाए जाने तथा जी–20 सम्मेलन के दौरान अतिक्रमण के दायरे में आने के चलते हटाए गए व्यापारियों के पुनर्वास की मांग भी डीएम के समक्ष उठाई। (एजेंसी)

## एनसीसी के लिए 25 छात्र चयनित

पिथौरागढ़ : अटल उत्कृष्ट जीआईसी के 25 छात्रों का एनसीसी कैडेट्स सीनियर डिविजन के लिए चयन हुआ है। विद्यालय के खेल मैदान में एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट दया कृष्ण वेरी, 80 यूके एनसीसी वाहिनी के पीआई हवलदार हरीश सिंह व सीएचएम विक्रम सिंह ने कैडेट्स का चयन किया। बेरी ने बताया कि 5 छात्रों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। शारीरिक व मेडिकल फिट के साथ साथ ए प्रमाण पत्र प्राप्त छात्रों को चयन में वरीयता दी गई।

# घर से एलईडी ले जा रहे चोर को दबोचा, पुलिस के सुपुर्द किया

रुद्रपुर : घर में चोरी करने घुसे तीन बदमाशों में से एक को गृहस्वामी ने दबोचकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। वहीं, उसके दो साथी घर से सामान चोरी कर भाग गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम कीरतपुर पोस्ट निवासी हरेंदर सिंह पुत्र अजीत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीते बुधवार की शाम वह बाजार गए थे। घर पहुंचने पर उन्होंने किसी अंजान शख्श को उनके घर से बाहर निकलते देखा। उसके हाथ में उनके घर का एलईडी टीवी था। हरेंदर सिंह ने आरोपी को भागकर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम राजेंद्र निवासी रामपुर यूपी बताया। यह भी बताया कि उसके साथ दो अन्य साथी भी थे, जिनके नाम दीपक और दिलीप निवासी लखनऊ हैं। वह हरेन्द्र के आने से पहले ही सामान लेकर फरार हो चुके थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। (एजेंसी)

## अर्जुन रावत बने सह संयोजक

रुद्रपुर : विधानसभा क्षेत्र में नवगठित राजनीतिक पार्टी एकम् सनातन भारत दल के कार्य को गति देने के लिए युवा कार्यकर्ता अर्जुन रावत को विधानसभा सह संयोजक के रूप में नियुक्त किया गया है।

# भोटिया जनजाति को मालिकाना हक दिए जाने की कवायद शुरू



**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप भोटिया जनजाति के लोगों को उनके शीतकालीन प्रवास के पडाव और राजकीय भूमि पर निर्मित भवनों एवं काबिज भूमि का मालिकाना अधिकार दिए जाने की कवायद शुरू हो गई है। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने इस संबंध में गुरूवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक ली।उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद में भोटिया जनजाति के शीतकालीन प्रवास वाले सभी गांवों में भोटिया परिवारों की संख्या और काबिज क्षेत्रफल का संक्षिप्त विवरण तैयार किया जाए। राजस्व अभिलेखों में भोटिया पडाव के नाम से दर्ज भूमि और सरकारी भूमि के साथ ही भोटिया जनजाति के ऐसे परिवार, जिनके पास भूमि का मालिकाना हक है और ऐसे परिवार जिनको मालिकाना हक दिया जाना है, उसका विवरण शीघ्र उपलब्ध किया जाए। वीसी में सभी तहसीलों से उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं राजस्व पटलों के संबधित अधिकारी मौजूद थे।

## मसूरी में डिलीवरी ब्वॉयज के साथ की बैठक

देहरादून। मसूरी में पुलिस ने डिलीवरी ब्वॉयज के साथ ही रिकवरी एजेंट, कैश कलेक्शन और डिलीवरी एजेंटों के साथ बैठक की।

उन्हें पुलिस सत्यापन के निर्देश दिए। एसएसपी देहरादून ने सभी थाना प्रभारियों को डिलीवरी ब्वॉयज के सत्यापन के निर्देश दिए हैं।

## इको टूरिस्ट स्थलों पर शीघ्र विकास कार्य शुरू करें

चमोली : गोपेश्वर वन विभाग द्वारा ईको टूरिज्म के तहत पहले चरण में माणा-सतोपंथ, माणा-वसुधारा, लोहाजंग-भेंकलताल-ब्रह्मताल, वाण-बेदनी-रूपकुंड, वाण-आली-घोस-बगजी, चन्द्रशिला-कांचुला खर्क ट्रैक मार्गों सहित मंडल में बर्ड वाचिंग को प्रस्तावित किया गया है।

ट्रैक मार्गों पर सुधारीकरण के साथ ही पर्यटकों की सुविधा के लिए रेन शेल्टर, साइन बोर्ड, प्राकृतिक सामग्री से निर्मित बैंच, जल स्रोतों का पुर्नरुद्धार, ग्रीन टॉयलेट, डस्टबिन आदि सुविधाएं विकसित की जाएंगी। जिला स्तरीय ईको टूरिज्म विकास समिति की बैठक में जिला अधिकारी हिमांशु खुराना ने कहा ईको टूरिज्म के लिए प्रस्तावित योजनाओं की गई डीपीआर शीघ्र तैयार की जाय।

# सर्वे में 44 बच्चों के टीकाकरण से छूटने की हुई पहचान

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : आगामी 07 अगस्त से शुरू होने वाले सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान 5.0 अभियान के सफल संचालन के लिए सर्वे कार्य पूरा हो गया है। सर्वे में 0 से 5 साल तक के 44 बच्चों का टीकाकरण से छूटे होने की पहचान हुई है, जबकि जनपद में गर्भवती महिलाओं शत प्रतिशत टीकाकरण पाया गया है। टीकाकरण से छूटे 44 बच्चों के लिए 19 विशेष टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया जाएगा। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विमल सिंह गुसाईं ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष (आईएमआई) के अंतर्गत 0-5 वर्ष आयु वर्ग के उन बच्चों व गर्भवती महिलाओं को छूटी हुई खुराक दी जानी है, जो किसी कारण टीकाकरण से वंचित अथवा छूट गए हों।

बताया कि मिशन इंद्रधनुष 5.0 के प्रथम चरण के सफल आयोजन हेतु घर-घर भ्रमण कर सर्वे कराया गया था। उन्होंने बताया कि सघन मिशन इंद्रधनुष के अंतर्गत शून्य से पाचं वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के टीकाकरण सर्वे में जखोली ब्लाक में 18, ऊखीमठ ब्लाक में 16 व अगस्त्यमुनि ब्लाक में 10 बच्चों का टीकाकरण से छूटे होने के रूप में पहचान हुई है। जबकि सर्वे में जनपद में सभी गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण हुआ पाया गया। उन्होंने बताया कि सात अगस्त से शुरू होने वाले सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान के अंतर्गत अगस्त्यमुनि ब्लाक में 04, ऊखीमठ ब्लाक में 06 व जखोली ब्लाक में 09 विशेष टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अगस्त्यमुनि ब्लाक में नगरासू, बसुकेदार, जखोली, उच्चाढुंगी, ऊखीमठ ब्लाक में पल्द्वाड़ी, दैड़ा, एमसीएच उखीमठ, गुप्तकाशी, जग्गी बगवान, फाटा व जखोली ब्लाक के अंतर्गत बजीरा, जखोली, मयाली, पूलन, सिमल्ता, सौंराखाल, सिद्धसौड़, सुमाड़ी व स्यूर बांगर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत एमआर, पीवीसी वैक्सीन व आईपीवी की तीसरी डोज के कवरेज में सुधार पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

# आठ लाख की ज्वेलरी के साथ चोर गिरफ्तार

टिहरी : चंबा नगर में बंद घरों की रेकी करने के बाद चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर चोर को पुलिस ने करीब आठ लाख रुपये की ज्वेलरी के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।गुरुवार को एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने पत्रकारों को जानकारी देते हुये बताया कि आईटीआई रोड सरस्वती विहार चंबा निवासी सोमवती चौहान ने बीते नौ जुलाई को चंबा थाने में लिखित शिकायत देते हुये बताया कि उनके बंद घर का ताला तोड़कर घर में रखी ज्वेलरी चोरी हो गई है। पुलिस छानबीन में जुटी थी, कि आईटीआई रोड़ चंबा निवासी उत्कृष्ट भंडारी ने 26 जुलाई को थाने में शिकायत की बीती रात्रि को अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर एक मोबाइल और 65 सौ रुपये की नगदी चोरी कर ली। थाना पुलिस की ओर से गठित टीम ने लोगों से पूछताछ के साथ आसपास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालना शुरु किया, लोगों ने पुलिस को एक पूर्व अपराधी के बारे में सूचना दी। पुलिस टीम ने बुधवार रात्रि को ऋषिकेश उत्तरकाशी बाईपास के लिये चंबा के समीप बनी सुंरग के पास से सोनू कुमार (36) पुत्र स्व. प्रेम लाल निवासी वाल्मीकि बस्ती पुरानी टिहरी रोड को गिरफ्तार किया।

## तीलू रौतेली पुस्कार के लिए भेजे आठ आवेदन

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अखिलेश मिश्रा ने अवगत कराया है कि मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में राज्य स्त्री शक्ति ''तीलू रौतेली'' पुरस्कार 2022-23 एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री पुरस्कार वर्ष 2022-23 की जनपद स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि आयोजित बैठक में जिले से तीलू रौतेली पुरस्कार के लिए 03 पूर्ण आवेदन तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्री पुरस्कार के लिए पात्र 02 परियोजनाओं क्रमशः अगस्त्यमुनि से 05, जखोली परियोजना से 03 आवेदन निदेशक महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग उत्तराखंड को प्रेषित किए गए। उपरोक्त पुरस्कार हेतु आवेदकों द्वारा विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य था।

# अतिवृष्टि से घरों में घुसा मलबा, अधिकारियों ने लिया जायजा

टिहरी : नगर पंचायत चमियाला के वार्ड संख्या एक लाटा के ऊपर बीते देर रात्रि अतिवृष्टि से कई घरों को नुकसान पहुंचा है। वहीं भारी मलबा आने से ग्रामीणों की कृषि भूमि, नहरें और पैदल मार्गों को भी क्षति पहुंची है। घटना की सूचना पर प्रभारी एसडीएम, तहसीलदार व ईई लोनिवि ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते बुधवार रात को हुई गांव के ऊपर हुई अतिवृष्टि गधेरे में भारी मलबा और पानी आने से ग्रामीण बलबीर सिंह, महाजन सिंह, करण सिंह, पूरब सिंह, विशाल सिंह और मदन सिंह के घरों के अंदर मलबा घुस गया। लोग किसी तरह जान बचाकर घरों से बाहर निकले। मलबे में उनके घरों के अंदर रखा सामान खाद्य सामग्री, बिस्तर व अन्य सामग्री नष्ट हो गई। पानी के साथ भारी मलबा आने से जहां से चमियाला-बूढ़ाकेदार मार्ग घंटों बंद रहा, वहीं गांव की पेयजल लाइनें, रास्ते व नहरें भी क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय राजस्व उपनिरीक्षक विनोद नाथ ने बताया कि मलबे में ग्रामीणों की 0.250 हे. कृषि भूमि व उस पर धान की फसल बह गई। उन्होंने कहा कि छह मकानों को आंशिक रूप से क्षति हुई है। सूचना पर प्रभारी एसडीएम प्रेम लाल, तहसीलदार महेशा शाह, लोनिवि ईई जगदीश खाती व पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचे। क्षेत्र में हुई अतिवृष्टि की घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने बंद पड़े चमियाला-बूढ़ाकेदार मोटरमार्ग को खोलने के लिए आई जेसबी मशीन को हटाकर धरने पर बैठकर सड़क जाम कर दी। ग्रामीण कुंवर सिंह रावत, बलबीर सिंह व विशाल सिंह ने कहा कि लोक निर्माण विभाग की ओर से गांव के ऊपर राजराजेश्वरी मोटर मार्ग का मलबा छैल गधेरे में डंप किया जा रहा है, जिस कारण लगातार मलबा बरसात के पानी के साथ बस्ती में तबाही ला रहा है।


**भारतीय रेल**

**'सार्वजनिक अधिसूचना'**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

रेलवे लाइनों और परिसर के सभी उपभोगकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उत्तर रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25 के.वी., 50 हर्ट्ज, ए.सी. शिरोपरी कर्षण तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद विद्युतीकृत किया जाएगा। उस तारीख और उसी तारीख से शिरोपरी कर्षण तारों को हर समय विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उक्त शिरोपरी कर्षण तारों के पास न तो पहुंचेगा और न ही काम करेगा।

| खंड | TKM (दिनांक) |
|---|---|
| उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के दुगनपुर स्टेशन की अप लूप लाइन स्थान 1352/07 (चः 1352/211.50) से स्थान 1354/13 (चः 1354/448.00) और डाउन लूप लाइन स्थान 1352/10 (चः 1352/274.50) से स्थान 1354/12 (चः 1354/385.00) तक जिसमें संबंधित टर्न आउट और X-ओवर शामिल हैं और मौजूदा लाइनों में संशोधन | 4.347 (14.08.2023) |

**25 के.वी. ए.सी. कर्षण का परिचय**

**"सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी"**

जनता की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि 25 kV AC इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन ओवर शुरू करने के संबंध में "उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के दुगनपुर स्टेशन की अप लूप लाइन स्थान 1352/07 (चः 1352/211.50) से स्थान 1354/13 (चः 1354/448.00) और डाउन लूप लाइन स्थान 1352/10 (चः 1352/274.50) से स्थान 1354/12 (चः 1354/385.00) तक जिसमें संबंधित टर्न आउट और X-ओवर शामिल हैं और मौजूदा लाइनों में संशोधन" हाइट गेज सभी लेवल क्रासिंग पर लगाये है, जो सड़क की ऊंचाई से 4.78 मीटर की अधिकतम ऊँचाई पर स्पष्ट ऊंचाई के साथ है, अत्यधिक ऊंचाई के भार को संपर्क में आने या लाइव ट्रैक्शन वायर से खतरनाक निकटता को रोकने के उद्देश्य से। सार्वजनिक रूप से वाहनों को लोड करने के उद्देश्य के लिए ऊपर निर्दिष्ट ऊँचाई का निरीक्षण करने के लिए सूचित किया गया है और यह देखने के लिए कि सड़क वाहनों में किए गए भार किसी भी परिस्थिति में ऊँचाई गेज का उल्लंघन नहीं करते हैं।

अत्यधिक ऊंचाई के भार के खतरे इस प्रकार हैंः-

i) ऊंचाई गेज के लिए खतरा और परिणामस्वरूप सड़क के साथ-साथ रेलवे लाइन में बाधा।

ii) सामग्री या उपकरण या वाहन के लिए खतरा

iii) सुचालक के साथ संपर्क या खतरनाक निकटता के कारण आग का खतरा और जीवन का जोखिम।

उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण,
उ.रे., मुरादाबाद

No. 17-Elect/C/TRD/MB/131 Dated 26.07.2023 2318/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# डीसीबी टिहरी ने लागू की ओटीएस स्कीम

टिहरी : सहकारिता विभाग से ऋण लेने के बाद मृतक किसानों के परिजनों के लिए डीसीबी टिहरी वन टाइम सेटमेंटर (ओटीएस) स्कीम लागू की है। स्कीम के तहत केवल मूलधन ही जमा करना होगा। ब्याज का भुगतान बैंक और समिति वहन करेंगी। मूलधन जमा करने के बाद ऐसे काश्तकार सहकारिता के चुनाव और बैंक की योजनाओं का लाभ ले सकेंगे।गुरुवार को जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सुभाष चंद रमोला ने पत्रकारों को जानकारी देते हुये बताया कि जिले में बीते वर्षों में 3405 ऐसे काश्तकार हैं, जिन्होंने बैंक और समितियों के माध्यम से ऋण लिया, लेकिन उनकी मृत्यु होने से उन पर बैंक का 5.21 करोड़ का मूल ऋण के साथ 3.19 करोड़ की ब्याज का बकाया है। सरकार ने ऐसे लोगों के परिजनों के लिए ओटीएस स्कीम लागू की है। 388 मृतकों के परिजनों ने ओटीएस स्कीम में आवेदन किया है। बताया ब्याज का 60 प्रतिशत समिति और 40 बैंक अपने संसाधनों से वहन करेगा। वार्ता में अध्यक्ष ने बीते पांच साल का लेखा जोखा भी रखा। बताया कि 2018 में बैंक की डिपॉजिट 758 करोड़ थी, जो बढ़कर 1100 करोड़ हो गई है। बैंक ने पांच साल में 591 करोड़ रूपये का ऋण बांटा। पांच साल के भीतर बैंक को नौ करोड़ का शुद्ध लाभ हुआ है। एनपीए वसूली में डीसीबी टिहरी ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। पूर्व के एनपीए को 12 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत पर लाया है। टिहरी में एसबीआई के बाद डीसीबी सर्वाधिक लाभ कमाने वाला बैंक बना है। बैंक ने राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं के तहत करीब 16 करोड़ का ऋण बांटा है। मौके पर बैंक महाप्रबंधक संजय रावत, उपाध्यक्ष विनोद रावत, निदेशक नरेश नेगी, जयप्रकाश चंद, सतपाल कलूड़ा, टीकाराम, गोविंद सिंह, डीजीएम बलवीर पुंडीर, नारायणी सिंह, संजीव कुमार, यशवंत भंडारी आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

## श्री देवसुमन विवि ऋषिकेश परिसर में डेंगू का खतरा

ऋषिकेश। श्री देवसुमन विवि के ऋषिकेश कैंपस में डेंगू का खतरा मंडरा रहा है। दरअसल नगर क्षेत्र का बरसाती पानी कैंपस में आकर भर जाता है। इससे परिसर में काफी पानी जमा हो गया है। पिछले कई सालों से यह समस्या झेलनी पड़ रही है।

ऋषिकेश-हरिद्वार राष्ट्रीय राज्य मार्ग के किनारे स्थित ऋषिकेश कैंपस में पूरे नगर क्षेत्र का पानी जमा हो रहा है। कैंपस की दीवार क्षतिग्रस्त होने और गंदगी से अटी नालियां चोक हैं। इसके चलते बरसाती पानी परिसर में एकत्रित हो रहा है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

| | |
|---|---|
| विभाग :- | Electrical (TRD) |
| टेंडर न. :- | T-07-TRD-MB-23-24-I |
| कार्य का नाम :- | मुरादाबाद डिवीजन के हरदोई, बुलंदशहर, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, अमरोहा, चंदौसी स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज व उच्च स्तरीय प्लेटफार्म और शाहजहांपुर व रामपुर स्टेशनों पर दिव्यांगजन अनुकूल फुट ओवर ब्रिज की व्यवस्था के सम्बंध में ओ०एच०ई० संशोधन का कार्य। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय :- | 23.08.2023, 15:00 hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹):- | Rs. 2,01,52,209.53/- (Including GST) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹):- | Rs. 2,50,800/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य (₹):- | NIL |
| ऑफर की वैघता (दिन):- | 60 days |
| कार्य पूरा करने की अवधिः- | 12 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in<br>कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |

निविदा सूचना सं०: Elect/TRD/MB/2023-24/TN-13 दिनांक 26.07.2023 2321/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# बांध प्रभावित ग्रामीणों समक्ष रोजी-रोटी का संकट, डीएम से लगाई विस्थापन की गुहार

टिहरी : टिहरी बांध प्रभावित तल्ला उप्पू के ग्रामीणों ने डीएम से विस्थापन की गुहार लगाई है, ग्रामीणों ने डीएम को बताया कि पूर्व में उनकी कृषि भूमि बांध की झील में डूबने से उनके समक्ष रोजी-रोटी का संकट हो गया है, लिहाजा उनका विस्थापन किया जाए।गुरुवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व ब्लॉक प्रमुख खेम सिंह चौहान के नेतृत्व में बांध प्रभावि तल्ला उप्पू के ग्रामीणों ने डीएम से भेंटकर विस्थापन की मांग की। भाजपा नेता ने बताया टिहरी बांध बनने के बाद तल्ला उप्पू के ग्रामीणों की उपजाऊ भूमि बांध की झील में डूब चुकी है, जिसके कारण ग्रामीणों के सम्मुख रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। कहा कि ग्रामीणों का पुनर्वास का मामला कई वर्ष पुराना है, ग्रामीण लंबे समय से विस्थापन की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन टीएचडीसी और पुनर्वास विभाग ग्रामीणों की समस्या पर ध्यान ही नहीं दे रहा है।

# डीबीएस में दाखिले के लिए 30 तक होंगे रजिस्ट्रेशन

देहरादून। डीबीएस पीजी कालेज में दाखिले के लिए अब 30 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन होंगे। कालेज की ओर से रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख बढ़ा दी गई है। पहले रजिस्ट्रेशन 27 जुलाई तक ही होने थे। लेकिन छात्रों की कम संख्या को देखते हुए ये निर्णय लिया गया।

कालेज के प्राचार्य डा. वीसी पांडे ने बताया कि कालेज में बीए और बीएससीप्रथम वर्ष के लिए दाखिले सीयूईटी के अंकों के आधार पर कालेज मैरिट बनाएगा। उसी के अनुसार दाखिले दिए जाएंगे। सीयूईटी पास अभ्यर्थियों को कालेज पर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

**डीएवी में आज रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख**

वहीं डीएवी पीजी कालेज में दाखिले के लिए शुक्रवार को रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख है। लेकिन अब तक काफी कम दाखिले होने के कारण इसके आगे बढ़ने की उम्मीद है। कालेज प्राचार्य डा. केआर जैन ने बताया कि अभी रजिस्ट्रेशन की गति धीमी है। शुक्रवार तक रजिस्ट्रेशन की संख्या को देखते हुए आगे निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक छात्र जिन्होंने सीयूईटी परीक्षा दी है वे कालेज की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

## शिक्षकों की पदोन्नति पर दो संगठन आमने सामने

देहरादून। उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक के पद पर शिक्षकों की पदोन्नति को लेकर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ और प्राथमिक शिक्षक संघ आमने सामने आ गया है। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ ने अपनी पदोन्नति की तिथि के आधार पर वरिष्ठता सूची तैयार करने की मांग की है। जबकि प्राथमिक शिक्षक संघ ने राजकीय प्रारंभिक शिक्षा सेवा नियमावली के आधार पर पदोन्नति की मांग की है। मांग पूरी ना होने पर दोनों संगठनों ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में धरने की चेतावनी दी है। प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक को गुरुवार को ज्ञापन देकर मांग की कि पदोन्नति की प्रक्रिया जल्द की जाए। लेकिन इसके लिए पदोन्नति की तिथि को आधार बना कर वरिष्ठता सूची ना तैयार हो। ताकि प्राथमिक का प्रधानाध्यापक हर बार की तरह इस बार भी पदोन्नति से हर बार वंचित ना हो जाए। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र रावत ने कहा कि उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के लिए पदोन्नति सूची प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में तैनात शिक्षकों की संयुक्त वरिष्ठता में मौलिक नियुक्ति की तिथि से निर्धारित की जाए। जो कि सेवा नियमावली के अनुसार होगा। लेकिन अगर सेवा नियमावली से हटकर वरिष्ठता सूची तैयार की जाती है तो इसके विरोध में संघ के पदाधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में धरना देंगे। ज्ञापन देने वालों में जिला कोषाध्यक्ष गम्भीर सिंह रावत और जिला मंत्री विनोद लखेड़ा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## आईएसबीटी पर एमडीडीए को जबरन लेना पड़ा कब्जा

देहरादून। आईएसबीटी पर एमडीडीए ने एकतरफा कब्जा ले लिया है। रैमकी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर ने हस्तांतरण पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए। एमडीडीए ने आईएसबीटी के संचालन की जिम्मेदारी अधीक्षण अभियंता एससीएस राणा को दी है। रोडवेज के साथ अनुबंध होने तक एमडीडीए खुद ही आईएसबीटी का संचालन करेगा। एमडीडीए के स्वामित्व वाले आईएसबीटी को 2003 में 20 साल के लिए पीपीपी मोड पर हैदराबाद की रैमकी कंपनी को दिया था। बुधवार को यह करार समाप्त हो गया था। गुरुवार को सुबह 11 बजे सचिव मोहन सिंह बर्निया के नेतृत्व में एमडीडीए की टीम आईएसबीटी पहुंची। यहां रैमकी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर मेजर (रिटायर) बीएस नेगी से हस्तांतरण पत्र हस्ताक्षर करने को कहा।


**अदालती सूचना**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल उत्तराधिकारी वाद संख्या 02/ सन् 2023**

**अफरोज जहां बनाम एहसान अहमद आदि**

**समन बनाम : - प्रतिवादी नंबर 3 आम जनता**

चूंकि प्रार्थिनी अफरोज जहां पत्नी एहसान ने अपने पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद सुऐब आलम की भारतीय जीवन बीमा निगम पालिसी नंबर- 271584961 जरिए जमा राशि - 1,00,000/- रूपये व उस पर अर्जित ब्याज का उत्तराधिकारी प्रमाणपत्र चाहने बावत एक प्रार्थनापत्र मेरे न्यायालय में प्रस्तुत किया है। इस अखबार प्रकाशन से आम जनता व खास को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को भी प्रार्थी के हक में उत्तराधिकार प्रमाणपत्र जारी करने हेतु आपत्ति हो, वह मामले में जवाबदेही करने हेतु दिनांक 10-08-2023 को बवक्त 10 बजे दिन स्थान कोटद्वार में मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर जवाबदेही करें, अन्यथा मामले में प्रार्थी के हक में उत्तराधिकार प्रमाणपत्र जारी कर दिया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत के आज दिनांक 21/07/23 को जारी किया गया।

**ह0 न्यायालय सिविल जज कोटद्वार**



**कार्यालय - नगर पंचायत थलीसैंण पौड़ी गढ़वाल**

पत्रांक / 96 /न0प0थली0/निर्माण कार्य/2023-24 / दिनांक 26 जुलाई, 2023

**''अल्पकालीन निविदा/कोटशन सूचना''**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से निम्न कार्यो के सम्पादन शासकीय विभाग/किसी शासकीय कन्सटेक्शन विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन आंमत्रित की जाती है। जिसमें निविदा विक्रय का दिनांक 08.08.2023 को सांय 5.00 बजे तक एवं मुहरबन्द निविदायें दिनांक 09.08-2023 को 12.00 बजे तक डाली जानी है, जो दिनांक 09.07.2023 को 02.00 बजे अपरान्ह को उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख अद्योहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत प्रतिनिधि के सम्मुख कार्यालय नगर पंचायत थलीसैंण में खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि 3 प्रतिशत (रू0) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 15 वित्त आयोग Tide मद से बूमबगड में पेयजल टैंक निर्माण कार्य | 2.25 लाख | 6800.00 | 500.00+ GST 18% | 02 माह | 45 दिन | डी |
| 02 | 15 वित्त आयोग Tide मद से मैरूवा में पेयजल टैंक लागत | 2.25 लाख | 6800.00 | 500.00+ GST 18% | 02 माह | 45 दिन | डी |
| 03 | 15 वित्त आयोग से Untide मद से मिलन केन्द्र नगर पंचायत कार्यालय के समीप महिला व पुरूष शौचालय | 4.50 लाख | 13500.00 | 500.00+ GST 18% | 02 माह | 45 दिन | डी |
| 04 | 15 वित्त आयोग से Untide मद से मिलन केन्द्र नगर पंचायत कार्यालय के समीप महिला व पुरूष शौचालय एवं दो यूरिनल | 4.53 लाख | 13500.00 | 500.00+ GST 18% | 02 माह | 45 दिन | डी |
| 05 | 15 वित्त आयोग से Untide मद से एसडीएम कार्यालय के समीप सार्वजनिक शौचालय एक शीट दो यूरिनल | 1.52 लाख | 4600.00 | 500.00+ GST 18% | 02 माह | 45 दिन | डी |
| 06 | राज्य वित्त आयोग मद से थलीसैंण में शिव मन्दिर से खण्ड विकास कार्यालय तक पैच कार्य | 2.00 लाख | 6000.00 | 500.00+ GST 18% | 02 माह | 45 दिन | डी |
| 07 | राज्य वित्त आयोग मद से कार्यालय नगर पंचायत थलीसैंण के छत मरम्मत कार्य एंव अन्य आवश्यक कार्य लागत | 2.00 लाख | 6000.00 | 500.00+ GST 18% | 02 माह | 45 दिन | डी |

1. निविदा को बिना किसी कारण निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
2. नियम एवं शर्ते कार्यालय नगर पंचायत थलीसैण में किसी भी कार्य दिवस पर देखी जा सकती है।
3. सर्शत निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार समिति का होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत थलीसैंण**
**पौड़ी गढ़वाल।**

**उपजिलाधिकारी/प्रशासक**
**नगर पंचायत थलीसैंण**
**पौड़ी गढ़वाल।**

## सम्पादकीय

### समान कानून का बिल अभी टलेगा

समान नागरिक कानून का बिल संसद के मानसून सत्र में अब नहीं आ पाएगा। पहले ऐसा लग रहा था कि सरकार इस बिल को संसद में पेश करने के लिए तैयार है। लेकिन दो ऐसे संकेत हैं, जिनसे लग रहा है कि इसे नहीं पेश किया जाएगा। पहला संकेत तो यह है कि सरकार ने मानसून सत्र के लिए जो विधेयक सूचीबद्ध कराएं हैं उसमें यह बिल नहीं है। उसमें दिल्ली सरकार के अधिकारियों को लेकर जारी किए गए अध्यादेश का बिल है और डाटा प्रोटेक्शन का बिल है। इसके अलावा कुछ और भी बिल हैं। दूसरा संकेत यह है कि विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता पर लोगों के राय देने की तारीख 14 जुलाई से बढ़ा कर 18 जुलाई कर दी है। बताया जा रहा है कि विधि आयोग को 14 जुलाई तक 60 लाख के करीब सुझाव मिले हैं। विधि आयोग की ओर से कहा गया है कि वह आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के जरिए इन सुझावों की छंटनी करेगी। बहरहाल, अगले 14 दिन में आयोग को लाखों सुझाव और मिलेंगे। सबकी छंटनी करके और उसमें लोगों को साझा सुझाव को एक तरफ करना और उन्हें शामिल करके बिल तैयार करना आसान काम नहीं होगा। यह जरूर है कि उत्तराखंड सरकार की बनाई जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई कमेटी की ओर से एक बिल का मसौदा तैयार किया गया है और उसे केंद्र सरकार के बिल का भी आधार बनाया जा सकता है। लेकिन उसमें भी विधि आयोग को मिलने वाली राय अगर शामिल करनी है तो यह संभव नहीं है कि 11 अगस्त तक बिल तैयार करके मानसून सत्र में पेश किया जाए। सो, ऐसा लग रहा है कि नवंबर–दिसंबर में मौजूदा लोकसभा के आखिरी पूर्ण सत्र में इसे पेश किया जा सकता है। ध्यान रहे अगले साल का बजट सत्र लेखानुदान के लिए होगा और उसके बाद चुनाव की घोषणा होगी।

# भाजपा की गठबंधन राजनीति के मायने

**भाजपा की ओर से छोटी छोटी प्रादेशिक पार्टियों को महत्व देने और एनडीए में उनको जगह देने से भारतीय समाज में छोटी छोटी और बिल्कुल अनजानी अस्मिताएं जन्म ले रही हैं। इस बात को ऐसे कह सकते हैं कि छोटी छोटी सामाजिक अस्मिताओं को बड़ी राजनीतिक पहचान मिल रही है और उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा को स्पेस मिल रहा है। भाजपा की सक्रिय मदद से भारतीय राजनीति में नए प्रादेशिक क्षत्रप उभर रहे है या मजबूत हो रहे हैं। ओमप्रकाश राजभर, संजय निषाद, अनुप्रिया पटेल, जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा, चिराग पासवान, रामदास अठावले आदि का चेहरा सिर्फ एक व्यक्ति का चेहरा नहीं है, बल्कि ये किसी खास जातीय समुदाय की अस्मिता के प्रतिनिधि हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इनके राजनीतिक रूप से मजबूत होने से सोशल स्पेस में डिवीजन बढ़ेगा लेकिन कई बार छोटी सामाजिक अस्मिताओं का मजबूत होना समरस समाज बनाने के लिए जरूरी होता है। हालांकि यह नहीं कहा जा सकता है कि भाजपा कोई समरस समाज बनाने के लिए ऐसा कर रही है लेकिन राजनीतिक मजबूरी में किए जा रहे काम से अगर समाज में किसी सुधार की संभावना जन्म लेती है तो उसमें कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।**

**अजीत द्विवेदी**

भारतीय जनता पार्टी ने एनडीए के 25 साल पूरे होने पर इसको पुनर्जीवित किया तो यह देश के राजनीतिक विमर्श का सबसे प्रमुख मुद्दा बन गया। बनना भी चाहिए क्योंकि पिछले नौ साल से भाजपा जिस तरह की एकाधिकारवादी राजनीति कर रही है उसमें उसका गठबंधन की ओर बढऩा और प्रधानमंत्री का यह कहना कि उनका गठबंधन एक सुंदर इंद्रधनुष है, जिसमें कोई भी पार्टी छोटी या बड़ी नहीं है, बहुत सुखद संकेत है। कई लोग इसे सुखद संकेत नहीं मानेंगे क्योंकि गठबंधन की सरकारों के बारे में ऐसी धारणा बना दी गई है कि उनके होने से राजनीतिक व प्रशासनिक अस्थिरता को बढ़ावा मिलता है। यह धारणा भी बनाई गई है कि केंद्र में मजबूत सरकार से न सिर्फ स्थिरता आती है, बल्कि बाह्य और आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित होती है। यह एक गढ़ा हुआ विमर्श है, जिसे तथ्यों के आधार पर प्रमाणित नहीं किया जा सकता है। हकीकत यह है कि इस देश में गठबंधन की सरकारों ने विकास के ज्यादा काम किए हैं और गरीबों व वंचितों के लिए बेहतर योजनाएं बनाई हैं। उन्होंने लोकतंत्र को ज्यादा मजबूती भी दी है। लेकिन वह अलग विमर्श का विषय हो सकता है। फिलहाल चर्चा एनडीए को पुनर्जीवित करने की है।

भाजपा ने जब से 38 पार्टियों को जुटाया है तब से इसे लेकर कुछ राजनीतिक निष्कर्ष निकाले जा रहे है, जिसमें से कुछ सही हैं और कुछ तथ्यात्मक रूप से सही होते हुई भी पूर्वाग्रह से ग्रस्त हैं। जैसे यह कहा जा रहा है कि एनडीए की बैठक में शामिल हुईं 10 पार्टियों ने पिछला लोकसभा चुनाव ही नहीं लडा था। कुल 38 पार्टियों में से 24 का एक भी लोकसभा सांसद नहीं है। आठ पार्टियां ऐसी हैं, जिन्होंने सिर्फ नौ लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी। ये सारी बातें तथ्यात्मक रूप से सही हैं लेकिन इसके आधार पर जो निष्कर्ष निकाला जा रहा है वह पूर्वाग्रह से भरा है और राजनीतिक रूप से गलत है। इस बात को समझने की जरूरत है कि भाजपा सिर्फ इसलिए घटक दलों को नहीं जुटा रही है कि वह कमजोर हो गई है। यह उसका एक राजनीतिक दांव भी है। क्योंकि भाजपा 2014 और 2019 की तरह अगले चुनाव को लेकर बहुत भरोसे में नहीं है। केंद्र में 10 साल तक राज करने वाली किसी भी पार्टी को लगातार तीसरा चुनाव आसानी से जीत जाने के भरोसे में रहना भी नहीं चाहिए। यह भी सही है कि भाजपा ने जो पहल की है उससे निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईर्द–गिर्द बनाया जा रहा नैरेटिव कमजोर होगा और भाजपा अपना एक एडवांटेज गंवाएगी। लेकिन इससे उसको दूसरा फायदा हो सकता है।

सबसे बड़ा फायदा भारतीय राजनीति को होगा कि खुद भाजपा अपनी पहल से अपनी एकाधिकारवादी राजनीति को कमजोर करेगी। याद करें 2019 के लोकसभा चुनाव में बिहार में कैसे हुआ था। तब भाजपा बिहार में 23 लोकसभा सीटों की पार्टी थी लेकिन उसने जनता दल यू से समझौता किया और सिर्फ 17




सीटों पर लड़ी। इसकी वजह से भाजपा की छह सीटें कम हो गईं और सिर्फ दो लोकसभा सीटों वाली नीतीश कुमार की पार्टी 16 सीटों पर जीत गई। आज नीतीश कुमार की राष्ट्रीय राजनीति मुख्य रूप से उन्हीं 16 लोकसभा सीटों की वजह से है। महाराष्ट्र में शिव सेना की 18 और उत्तर प्रदेश में अपना दल की दो सीटें भाजपा की वजह से ही हैं। अगले चुनाव में अगर भाजपा 38 या उससे ज्यादा पार्टियों के साथ गठबंधन बनाती है तो संभव है कि कुछ राज्यों में भाजपा की सीटें कम हो जाएं और उसकी कीमत पर कुछ प्रादेशिक पार्टियां मजबूत हों। इससे भाजपा की एकाधिकारवादी राजनीति कमजोर होगी और राष्ट्रीय राजनीति में विविधता बढ़ेगी। भाजपा अगर सचमुच गठबंधन की राजनीति करती है और सहयोगी पार्टियों को उनकी क्षमता के मुताबिक जगह देती है तो यह देश के लिए अच्छी बात होगी।

इस राजनीति का भाजपा को एक फायदा यह हो सकता है कि वह अपनी वैचारिकता को राजनीति की मुख्यधारा बनाने में कामयाब हो सकती है। ध्यान रहे कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां आरोप लगाती हैं कि भाजपा विभाजनकारी राजनीति कर रही है, समुदायों के बीच वैमनस्य फैलाती है और उससे वोट की फसल पकाती है। लेकिन अगर भाजपा की इस राजनीति के साथ देश की 40 पार्टियां जुड़ती हैं तो क्या यह अपने आप साबित नहीं होगा कि वह जिस विचारधारा को अपना कर चल रही है उसकी वजह से वह अछूत नहीं हुई है? क्या इससे उसकी राजनीतिक विचारधारा को व्यापक स्वीकार्यता नहीं मिलेगी? ध्यान रहे दुनिया में आज भी सबसे ज्यादा नफरत की नजर से देखी जानी वाली विचारधारा फासीवाद है और भारत की विपक्षी पार्टियां भाजपा को इसी विचारधारा की पार्टी बताती हैं। लेकिन अब अगर देश के अलग अलग हिस्सों की और अलग अलग जातीय, सामाजिक आधार वाली पार्टियां उसके साथ जुड़ती हैं तो निश्चित रूप से भाजपा पर लगने वाला फासीवाद का आरोप कमजोर होगा। ध्यान रहे भाजपा के साथ जा रहीं कई पार्टियां पहले कांग्रेस और अन्य भाजपा विरोधी पार्टियों के साथ रही हैं।

भाजपा की ओर से छोटी छोटी प्रादेशिक पार्टियों को महत्व देने और एनडीए में उनको जगह देने से भारतीय समाज में छोटी छोटी और बिल्कुल अनजानी अस्मिताएं जन्म ले रही हैं। इस बात को ऐसे कह सकते हैं कि छोटी छोटी सामाजिक अस्मिताओं को बड़ी राजनीतिक पहचान मिल रही है और उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा को स्पेस मिल रहा है। भाजपा की सक्रिय मदद से भारतीय राजनीति में नए प्रादेशिक क्षत्रप उभर रहे है या मजबूत हो रहे हैं। ओमप्रकाश राजभर, संजय निषाद, अनुप्रिया पटेल, जीतन राम मांझी, उपेंद्र कुशवाहा, चिराग पासवान, रामदास अठावले आदि का चेहरा सिर्फ एक व्यक्ति का चेहरा नहीं है, बल्कि ये किसी खास जातीय समुदाय की अस्मिता के प्रतिनिधि हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इनके राजनीतिक रूप से मजबूत होने से सोशल स्पेस में डिवीजन बढ़ेगा लेकिन कई बार छोटी सामाजिक अस्मिताओं का मजबूत होना समरस समाज बनाने के लिए जरूरी होता है। हालांकि यह नहीं कहा जा सकता है कि भाजपा कोई समरस समाज बनाने के लिए ऐसा कर रही है लेकिन राजनीतिक मजबूरी में किए जा रहे काम से अगर समाज में किसी सुधार की संभावना जन्म लेती है तो उसमें कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

भाजपा की इस राजनीति की वजह से विपक्षी गठबंधन के सामने चुनौतियां बढ़ गई हैं। पहले तो उनको इस नैरेटिव का जवाब देना है कि भाजपा को उनसे ज्यादा पार्टियों का समर्थन हासिल है और भाजपा का राजनीतिक इंद्रधनुष ज्यादा रंगों वाला है। इसके अलावा विपक्षी पार्टियों को राज्यों में अपने गठबंधन को और मजबूत करना होगा क्योंकि भाजपा अपने कोर वोट आधार में जो नए वोट जोडऩे के प्रयास कर रही है उसको रोके बगैर या उसके बिखरे बगैर विपक्ष का मकसद पूरा नहीं होगा। मिसाल के तौर पर बिहार में भाजपा अगर चार नेताओं के जरिए कुशवाहा, पास्वान, मांझी और मल्लाह वोट जोडऩे का प्रयास कर रही है तो विपक्ष इसे कैसे रोक सकता है? गैर यादव और गैर कुर्मी पिछड़ी जातियां और दलित अगर भाजपा के सवर्ण व वैश्य मतदाताओं के साथ जाते हैं तो विपक्ष के पास क्या रास्ता बचेगा? जो लोग बिहार की राजनीति को जानते हैं उनको पता है कि राज्य में दलित अस्मिता का प्रतिनिधित्व करने वाले दो सबसे बड़े चेहरे चिराग पासवान और जीतन राम मांझी के हैं।

इसी तरह गैर यादव व गैर कुर्मी जातियों में कोईरी और मल्लाह का प्रतिनिधित्व उपेंद्र कुशवाहा और मुकेश सहनी करते हैं। अगर ये चारों चेहरे भाजपा के साथ जाते हैं तो नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव के लिए मुश्किल होगी। भाजपा ने एनडीए को पुनर्जीवित करके और 38 पार्टियों को जोड़ कर हर राज्य में विपक्ष के सामने ऐसी ही चुनौती खड़ी की है। इससे पार पाने कि लिए विपक्ष को बहुत ज्यादा मेहनत करनी होगी।

# पीड़ा में भी पक्षपात




> **विकीलिक्स वेबसाइट पर भारत संबधी जो दस्तावेज छपे थे, उनमें इस बात का उल्लेख था कि कैसे तत्कालीन विपक्षी पार्टी– भाजपा की बैठकों में अपने प्रदेश इकाइयों के सियासी तकाजों के मुताबिक संसद में व्यवधान डालने की रणनीतियां बनाई गईं। अपेक्षा रहती है कि संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्ति दलगत सोच से ऊपर उठ कर राष्ट्र को निष्पक्षता से संबोधित करेंगे।**

लोकतंत्र के मंदिर वे स्थान भी हैं, जहां निर्वाचित सरकारों की जवाबदेही तय की जाती है। और इसके लिए जो निर्धारित संसदीय प्रक्रियाएं हैं, उनका पालन हो यह सुनिश्चित करना संवैधानिक पदों पर आसीन शख्सियतों की ही जिम्मेदारी है।

उप–राष्ट्रपति जगदीप धनकड़ का यह कथन उचित है कि लोकतंत्र का अर्थ सार्वजनिक कल्याण को सुनिश्चित के मकसद से संवाद, चर्चा, विचार–विमर्श और बहस है। उनकी इस बात से भी किसी को असहमति नहीं होगी कि लोकतंत्र का मतलब व्यवधान और शोर–गुल नहीं हो सकता। उन्होंने इस बात पर रोष जताया कि व्यवधान और शोर–गुल को लोकतंत्र के मंदिरों को कलंकित करने का का हथियार बना लिया गया है। बहरहाल, जब राज्यसभा के सभापति ने यह बात छेड़ी है, तो इसमें यह भी अवश्य जोड़ा जाएगा कि लोकतंत्र के मंदिर वे स्थान भी हैं, जहां निर्वाचित सरकारों की जवाबदेही तय की जाती है। और इसके लिए जो निर्धारित संसदीय प्रक्रियाएं हैं, उनका पालन हो यह सुनिश्चित करना उन जैसे उच्च–पदस्थ शख्सियतों की ही जिम्मेदारी है। क्या इन दोनों बिंदुओं पर आज ये स्थान और वहां के संचालक खरे उतर रहे हैं? अगर मणिपुर जैसे गंभीर संकट पर सदनों में विपक्ष की मांग के मुताबिक चर्चा नहीं हो सकती है और प्रधानमंत्री को बयान देने के लिए पीठासीन अधिकारी निर्देश नहीं दे सकते हैं, तो इससे ही यह जाहिर हो जाता है कि संसद में किस तरह के संवाद, चर्चा, विचार–विमर्श और बहस की इजाजत दी जा रही है।

स्थायी ससंदीय समितियों में विधेयकों के परीक्षण की परिपाटी क्यों कमजोर हुई और नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) का हाई प्रोफाइल ऑफिस आज क्यों कहीं हाशिये पर पड़ा नजर आता है, इसका उत्तर भी अगर उप–राष्ट्रपति देते, तो जो चर्चा उन्होंने छेडी, वह समग्रता में नजर आती। इसके बिना उनका रोष एक तरह का पक्षपात नजर आता है। जहां तक व्यवधान और हंगामे को हथियार बनाने की बात है, तो इसमें कोई भी पार्टी अपने को साफ–सुथरी नहीं बता सकती। विकीलिक्स वेबसाइट पर भारत संबधी जो दस्तावेज छपे थे, उनमें इस बात का उल्लेख था कि कैसे तत्कालीन विपक्षी पार्टी– भाजपा की बैठकों में अपने प्रदेश इकाइयों के सियासी तकाजों के मुताबिक संसद में व्यवधान डालने की रणनीतियां बनाई गईं। अपेक्षा रहती है कि संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्ति दलगत सोच से ऊपर उठ कर राष्ट्र को निष्पक्षता से संबोधित करेंगे। उप–राष्ट्रपति से भी ऐसी ही अपेक्षा है।

# नेतन्याहू से बरबादी की ओर इजराइल !

**श्रुति व्यास**

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू जीत गए हैं। पर यह एक ऐसी जीत है जो उन्हें सत्ता के नज़दीक तो बनाए रखेगी लेकिन उन्हें बाकी सब से झ जनता से, समर्थकों से, साथियों से झ दूर कर देगी।

चौबीस जुलाई को इजराइल की संसद नेसेट ने देश के सुप्रीम कोर्ट की ताकत को कम करने वाले कानूनों की सीरीज का पहला कानून पास किया। इस दौरान संसद के बाहर लोग विरोध प्रदर्शन करते रहे। संसद में विपक्षी सदस्य चिल्ला–चिल्लाकर अपशब्द बोलते रहे।फिर वोटिंग के समय वाकआउट किया। इस सबके बीच प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, जिनका दिल मशीन की मदद से धडक़ रहा है, शांत बैठे रहे। उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगी चीख–चीखकर अपनी बात कहते रहे मानो वे अपने बॉस की मौजूदगी से बेखबर हों।

'तर्कसंगतता' के आधार पर सरकारी फैसलों को रद्द करने के अदालत के अधिकार को समाप्त करने वाला यह कानून 64–0 के बहुमत से निर्विरोध पारित हो गया।

इजराइल में पिछले सात माह से अनिश्चितता का माहौल था। नेतन्याहू ने उम्मीद जगाई थी कि वे सबकी सहमति से संवैधानिक सुधार लाने का प्रयास करेंगे। लेकिन उम्मीदों पर पानी फिर गया। जनभावनाओं के लिए सम्मान पर सत्ता की भूख भारी पड़ी।

सोमवार की रात येरूशलम में संसद भवन के चारों ओर की सडक़ों पर करीब 20,000 प्रदर्शनकारियों की भीड़ जमा थी जो नीले और सफेद झंडे लहरा रही थी। जैसे ही मतदान के नतीजे की खबर फैली, प्रदर्शनकारियों ने चीखना–चिल्लाना और ''हम कभी हार नहीं मानेंगे के नारे लगाना शुरू कर दिया। दीवारों और चाहरदीवारों पर स्टिकर लगे थे जिन पर लिखा था हम तानाशाह का हुक्म नहीं मानेंगे लोकतंत्र या बगावत और इजराइल को नेतन्याहू से बचाओ।इजरायली लेखक और मानवता के इतिहास में दिलचस्पी रखने वाले युवाल नोआ हरारी का विचार है कि इसका नतीजा भयावह और घातक होगा। वे कहते हैं, मुमकिन है हम इजराइल में यहूदी श्रेष्ठतावादी तानाशाही देखें, जो न सिर्फ इजराइल के नागरिकों के लिए एक खौफनाक स्थिति होगी बल्कि फिलिस्तीनियों, यहूदी परंपराओं और संभवतः संपूर्ण मध्यपूर्व के लिए भी भयावह होगा।

लेकिन इस सबसे बेफिक्र प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने मतदान के कुछ घंटे बाद प्राईम टाईम पर टेलिविजन पर भाषण देते हुए सभी आशंकाओं को बेबुनियाद बताते हुए कहा, ''इजराइल में सभी के वैयक्तिक अधिकारों



की रक्षा पहले की तरह होती रहेगी। इजराइल धर्म आधारित राष्ट्र नहीं बनेगा। स्वतंत्र न्यायपालिका कायम रहेगी।लेकिन, समाज के एक तबके का मानना है कि नेतन्याहू के नेतृत्व वाले कट्टर धार्मिक एवं अति राष्ट्रवादी गठबंधन के राज में देश धार्मिक निरंकुश शासन की ओर बढ़ेगा।

देश की स्थिरता को लेकर भी अब चिंता है। इजरायली सेना के हजारों रिजर्व अधिकारियों ने घोषणा की है कि वे ऐच्छिक सेवा के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। इसके अलावा सामाजिक उथल–पुथल भी हो रही है। डॉक्टर हड़ताल पर चले गए हैं। मजदूर नेताओं ने आम हड़ताल की धमकी दी है। मॉल और दुकानें चलाने वाले एकजुटता दिखाने के लिए अपने प्रतिष्ठानों पर ताला डाले हुए हैं। पहले से ही कई कारोबारी अपना व्यवसाय इजराइल के बाहर ले जा चुके हैं या उसे बंद कर चुके हैं। और जैसे–जैसे अराजकता के हालात गंभीर होते जाएंगे, उथलपुथल बढ़ेगी और सडक़ों पर असहमति दिखाते लोगों की संख्या में बढ़ोत्तरी होती जाएगी। टकराव, गिरफ्तारियों, हिंसा, शोरशराबा सब बढ़ेगा।

इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय संबंध भी बिगड़ेंगे। इजराइल के सबसे नजदीकी सहयोगी अमेरिका ने संसद के निर्णय को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया है। इससे राष्ट्रपति बाइडन के नेतन्याहू को अमेरिका आने के निमंत्रण को लेकर आशंका उत्पन्न हो गई है। अमेरिका में यहूदी समूहों ने भी इस मतदान की आलोचना की है। इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हुए चेतावनी दी है कि इससे इजराइल और अमरीकी यहूदियों के संबंधों पर बुरा असर पड़ सकता है। फिलिस्तीनी इस बात से चिंतित हैं कि वेस्ट बैंक में इजरायली बस्तियों का इलाका आक्रामक ढंग से बढ़ाया जाएगा, जिसकी कई मामलों में सर्वोच्च न्यायालय ने खिलाफत की थी। इसके अलावा इजराइल में रह रहे अल्पसंख्यक अरबों में भी भय बढ़ रहा हैं।

संदेह नहीं है कि नेतन्याहू ने देश के भीतर और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इजराइल की बेहतरी और उसकी छवि सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। वे स्वयं को हर राजनीतिक घटनाक्रम के केन्द्र में रखने में सफल रहे हैं, कई बार जिसका सन्देश यह था कि इजराइल और तबाही के बीच वे अकेले खड़े हैं। लेकिन कल के घटनाक्रम से वे इजराइल को तबाही के कगार पर ले आए हैं। बिगड़ती सेहत से जूझ रहे 73 वर्षीय नेतन्याहू नेसेट आने के पहले पेसमेकर लगवाने के लिए अस्पताल में थे।

वे अपने गठबंधन सहयोगियों को मतदान टालने के लिए राजी नहीं कर सके। इससे यह संकेत मिलता है कि उनका प्रभाव कम हो चला है और वे अपनी राजनीतिक विश्वसनीयता खो चुके हैं। कहना मुश्किल है कि वे गठबंधन के सबसे घोर राष्ट्रवादी और धार्मिक कट्टरपंथी दलों को न्यायिक सुधारों के ज़रिये और अन्य तरीकों से उनका राजनैतिक एजेंडा आगे बढ़ाने से रोक सकेंगे। आखिर उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले भी चल रहे हैं। इजराइल में इस साल ठंड तीखी थी और वसंत, नीरस। प्रदर्शकारी अपनी बात पर जमे हुए हैं। नेतन्याहू के गठबंधन साथी भी दृढ़ हैं। ऐसे में दोनों के बीच जबरदस्त टकराव तय है जो इजराइल में गर्मी के मौसम को और ज्यादा गर्म और तूफानी बनाएगा। जहां तक प्रधानमंत्री नेतन्याहू का प्रश्न है, वे अभी अपनी सत्ता कायम रखने में भले ही कामयाब रहे हों उन्हें आज के बाद से इजराइल में तबाही लाने के लिए याद किया जाएगा। देश के इतिहास में एक ऐसा नया दौर प्रारंभ हो गया है, जो खूनखराबे से भरा और त्रासद हो सकता है।

# बिना हिले–डुले लंबे समय तक बैठकर करते हैं काम, तो हो जाएं सावधान, बढ़ सकता है दिल का खतरा

अगर आप बिना हिले–डुले लगातार एक ही जगह बैठकर काम करते हैं, कई–कई घंटे टीवी देखते हैं, बैठकर गपशप लड़ा रहे हैं तो सावधान हो जाइए, क्योंकि खुद को बीमार तो बना रही रहे हैं, हार्ट अटैक का खतरा भी बढ़ा रहे हैं. दरअसल, जिस तरह हमारा खानपान, काम करने का तरीका, मोबाइल–गैजेट्स यूज करना सबकुछ बदल रहा है, ऐसे में एक्टिव लाइफस्टाइल की सबसे ज्यादा जरूरत है. जब हम बिना किसी मूवमेंट के एक ही पोजिशन में बैठे रहते हैं, तो ब्लड सर्कुलेशन और ब्लड प्रेशर प्रभावित हो सकता है. इससे सेहत को नुकसान पहुंच सकता है. ज्यादा देर बैठने से एथेरोस्क्लेरोसिस भी हो सकता है, जिससे धमनियों में प्लाक बनने लगता है. यह दिल के दौरे का जोखिम और भी ज्यादा बढ़ा देता है.

**इन गलतियों से बढ़ा सकता है बैड कोलेस्ट्रॉल**

दरअसल, जब हम एक्टिव लाइफस्टाइल नहीं अपनाते हैं. एक्सरसाइज, वॉकिंग जैसी चीजें हमारी दिनचर्या का हिस्सा नहीं होती हैं. डेस्क जॉब के दौरान कुछ समय में मूवमेंट नहीं करते हैं या कुछ कदम नहीं चलते हैं तो बता दें कि इससे एलडीएल कोलेस्ट्रॉल यानी बैड कोलेस्ट्रॉस का लेवल बढ़ सकता है.

**क्या कहते हैं हेल्थ एक्सपर्ट**

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक, हमारी डेली रूटीन धीरे–धीरे बदल रही है. आज ज्यादातर लोग एख ही जगह बैठकर अपना ज्यादा समय बिता रहे हैं. एक एक्टिव लाइफस्टाइल काफी आम हो गई है. कई लोग लगातार डेस्क पर बैठे हैं तो कुछ स्क्रीन के सामने समय बिता रहे हैं, यात्रा के दौरान भी लंबे समय तक लोग बैठे रहते हैं. ज्यादा देर तक बैठे रहना एकदम धूम्रपान के खतरों की तरह ही है. क्योंकि लंबे समय तक बैठे रहने से दिल की सेहत पर हानिकारक प्रभाव



पड़ सकता है. इससे हार्ट डिजीज बढ़ जाता है. इसका साफ मतलब है कि ज्यादा देर तक बैठे रहने से दिल का खतरा बढ़ सकता है.

बैठे रहने से बढ़ सकती है हार्ट से जुड़ी ये समस्याएं

**एथेरोस्क्लेरोसिस का खतरा**

एथेरोस्क्लेरोसिस, धमनियों में प्लाक का निर्माण, दिल की एक ऐसी बीमारी है, जो लगातार बैठे रहने से बढ़ सकती है. जब ब्लड सर्कुलेशन कम होता है तो बॉडी में फैट जमा हो जाता है. इससे इसे साफ करने का तंत्र कम काम करता है, जो एथेरोस्क्लेरोसिस को तेजी से बढ़ा सतका है. इससे धमनियां सिकुड़ सकती हैं.

**ब्लड सर्कुलेशन का बिगडऩा**

लंबे समय तक बैठे रहने से ब्लड सर्कुलेशन बाधित होता है. निचले अंगों में यह समस्या ज्यादा होती है. इससे ब्लड क्लॉटिंग, डीप वेन थ्रोम्बोसिस (डीवीटी) हो सकता है. इससे दिल के दौरे का खतरा बढ़ सकता है. ब्लड सर्कुलेशन बनाए रखने के लिए लगातार बैठने से बचना चाहिए और नियमित तौर पर एक्सरसाइज करनी चाहिए.

**हाई ब्लड प्रेशर**

लंबे समय तक बैठे रहने से ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है. फिजिकल एक्टिविटी कम होने से ब्लड सर्कुलेशन में कमी आती है, जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है

# मोदी और गहलोत के बीच में आया लड्डू कांड!



कहीं इसीलिए तो नहीं हटाया मुख्यमंत्री का संबोधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री के सीकर दौरे को लेकर राजस्थान में सियासत शुरू हो गई है। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा कि पीएमओ ने इस कार्यक्रम के दौरान उनका पूर्व निर्धारित संबोधन हटा दिया है। मुख्यमंत्री गहलोत के इस ट्वीट के बाद पीएमओ ने जवाब दिया और उसके बाद फिर अशोक गहलोत ने भी उस पर जवाब दिया। ट्वीट के माध्यम से हुए इस वादविवाद के दौरान सियासी गलियारों में चर्चा इस बात की हो रही है कि कहीं पीएम मोदी और अशोक गहलोत के बीच में वह पुराना 'लड्डू' तो नहीं शामिल हो गया, जिसके बारे में इसी साल अप्रैल में प्रधानमंत्री मोदी ने अशोक गहलोत की तारीफ करते हुए कहा था। चूंकि माहौल चुनाव का है। इसलिए अशोक गहलोत कोई भी मौका नहीं देना चाहते हैं, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी और उनके बीच होने वाले मंच के भाषण या वार्तालाप के सियासी मायने निकाले जाएं।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि राजस्थान में शुरू हुई है सियासत के कई मायने हैं। वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक देवेंद्र पांधी कहते हैं कि प्रधानमंत्री कार्यालय और अशोक गहलोत के बीच में हुए ट्विटर वार के पीछे दरअसल कहानी कुछ और ही नजर आ रही है। वह कहते हैं कि इसी साल राजस्थान में अप्रैल के महीने में एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की जमकर तारीफ की थी। उस तारीफ के बाद राजस्थान के सियासी गलियारों में तमाम तरह के मायने निकाले जा रहे थे। पांधी कहते हैं कि अब राजस्थान में विधानसभा के चुनाव बहुत नजदीक आ रहे हैं। ऐसे में अगर फिर से प्रधानमंत्री के मंच से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के लिए कुछ तारीफें होती हैं, या बातचीत होती है तो निश्चित तौर पर चुनाव में उसका असर भी पड़ सकता है।

दरअसल अप्रैल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से अप्रैल में हुए कार्यक्रम में उद्घाटन के दौरान कहा था कि आपके दोनों हाथों में लड्डू है। देश के रेल मंत्री राजस्थान के हैं और रेलवे बोर्ड के चेयरमैन भी राजस्थान के हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने इस दौरान कहा था कि जो काम आजादी के तुरंत बाद होने चाहिए थे वे अबतक नहीं हो पाए। लेकिन आपने मुझ पर इतना भरोसा जताया कि वह काम आपने मेरे सामने रखे हैं। मोदी ने इस दौरान यह भी कहा था कि आपका यह विश्वास हमारी मित्रता की सबसे बड़ी ताकत भी है। प्रधानमंत्री मोदी ही नहीं बल्कि अशोक गहलोत भी प्रधानमंत्री मोदी के कसीदे पढ़ने में पीछे नहीं रहे हैं। पिछले साल एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी को विदेश में खूब सम्मान मिलता है। गहलोत ने इसके पीछे तर्क दिया था क्योंकि वह जिस देश के प्रधानमंत्री हैं, वह महात्मा गांधी का देश है जहां लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हैं और 70 साल के बाद भी लोकतंत्र मजबूती से खड़ा हुआ है।

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि चुनाव के दौर में तारीफों के कई बार मायने सियासी होते हैं। इसीलिए ज्यादातर ऐसे राजनीतिक माहौल में दो अलग–अलग विचारधारा वाली पार्टी के बड़े नेता एक मंच पर आने से बचते हैं। इसकी असली वजह यही होती है कि कहीं दोनों के बीच में की गई बातचीत या मंच से दिए गए भाषण का कोई मतलब सियासी तौर पर कुछ और ना निकाला जाए। राजस्थान के वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक हरीश शर्मा कहते हैं कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत चुनावी दौर में इस तरीके की कोई भी सियासी गलती नहीं करना चाहते हैं, जिसका मतलब कुछ और निकल सके। वह कहते हैं कि पिछली बार किस तरीके से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अशोक गहलोत की प्रशंसा की थी और दोनों हाथों में लड्डू की बात कही थी। उसके सियासी मायने ना सिर्फ राजस्थान की राजनीति बल्कि देश के सियासी गलियारों में भी बहुत निकाले गए थे।

सीएम अशोक गहलोत ने ट्वीट कर पीएम मोदी पर हमला बोला है। अशोक गहलोत ने ट्वीट कर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी आज आप राजस्थान पधार रहे हैं। आपके कार्यालय पीएमओ ने मेरा पूर्व निर्धारित 3 मिनट का संबोधन कार्यक्रम से हटा दिया है। इसलिए मैं आपका भाषण के माध्यम से स्वागत नहीं कर सकूंगा। ट्वीट के माध्यम से आपका राजस्थान में तहे दिल से स्वागत करता हूं। पीएमओ ने भी इसका जवाब दिया है। आज हो रहे 12 मेडिकल कॉलेजों के लोकार्पण और शिलान्यास राजस्थान सरकार व केंद्र की भागीदारी का परिणाम है। इन मेडिकल कॉलेजों की परियोजना लागत 3,689 करोड़ रुपये है, जिसमें 2,213 करोड़ केंद्र का और 1,476 करोड़ राज्य सरकार का अंशदान है। मैं राज्य सरकार की ओर से भी सभी को बधाई देता हूं।

## काले कपड़े पहने विपक्षी सांसदों को पीयूष गोयल का जवाब, मन काला और तन भी काला

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने भारत की विदेश नीति और उसके बढ़ते प्रभाव पर गुरूवार को राज्यसभा के समक्ष ताजा जानकारी रखी। हालांकि इस दौरान विपक्ष मणिपुर हिंसा पर चर्चा कराए जाने की मांग करता रहा। मणिपुर हिंसा पर चर्चा न कराए जाने से नाराज विपक्ष के सांसद अपना विरोध जताने के लिए गुरुवार को सदन में काले कपड़े पहन कर आए थे। इस पर तंज करते हुए केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा में नेता पियूष गोयल ने कहा कि इन लोगों का मन काला है और आज तन पर भी काला है। विदेश मंत्री एस जयशंकर के संबोधन के विषय में तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओब्रायन ने कहा संसद में विदेश मामलों पर 30 मिनट का अंतहीन बयान पढ़ते, पीएम नरेंद्र मोदी के मंत्री व सरकार की प्राथमिकताएं स्पष्ट हैं।

## अमरनाथ यात्रा : जम्मू आधार शिविर से 3111 तीर्थयात्रियों का नया जत्था रवाना

**जम्मू ,एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के भगवती नगर आधार शिविर से बम बम भोले के जयकारों के बीच 3111 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था गुरुवार को यहां दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित श्री अमरनाथ गुफा तीर्थ के लिए रवाना हुआ। एक अधिकारी ने बताया कि 3111 तीर्थयात्री 124 वाहनों के काफिले में आधार शिविर से रवाना हुए। इसी तहर 2154 तीर्थयात्रियों (1686 पुरुष, 424 महिलाएं, छह बच्चे और 47 साधु) का एक समूह 83 वाहनों के काफिले में पहलगाम के लिए रवाना हुआ।

बालटाल के लिए 907 तीर्थयात्री ( जिनमें 616 पुरुष, 336 महिलाएं और पांच बच्चे शामिल है ) कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 41 वाहनों के काफिले में रवाना हुए। एक जुलाई को शुरू हुई यात्रा 31 अगस्त को समाप्त होगी।

## केन्द्रीय विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रा ने की आत्महत्या

**अजमेर ,एजेंसी।** राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय से पीएचडी. कर रही एक छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा लद्दाख की रहने वाली थी। अजमेर जिले के बांदरसिंदरी थानाक्षेत्र स्थित केन्द्रीय विश्वविद्यालय के बी–1 छात्रावास के कमरा नं. 31 में लद्दाख निवासी छात्रा फुंसुक डोलमा ने अज्ञात कारणों से बुद्धवार देर रात फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। छात्रावास की छात्राओं ने जानकारी मिलते ही उसे नीचे उतारा और विश्वविद्यालय प्रबंधन सहित बांदरसिंदरी थानापुलिस को सूचना दी।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे किशनगढ़ के राजकीय यज्ञनारायण अस्पताल की मोर्चरी पहुंचाया। इससे पहले शव परीक्षण कर चिकित्सकों ने फुंसुक डोलमा को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतका के परिजनों के आने पर शव का पोस्टमार्टम करा शव उन्हें सुपुर्द किया जायेगा।

## बीजेपी का चक्रव्यूह भेदने की तैयारी: कांग्रेस और आप मिलकर लड़ेंगी लोकसभा चुनाव

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भी राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। इस दौरान कई दिग्गज नेता अपनी पार्टी को छोड़कर दूसरी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। वहीं, कई राजीनितिक दल भी दूसरी पार्टियों के साथ गठबंधन कर रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने भी भाजपा को कड़ी चुनौती देने की तैयारी कर ली है। औपचारिक घोषणा भले ही अभी न हुई हो, लेकिन दिल्ली में दोनों के बीच गठबंधन करके चुनाव लड़ने की सहमति बन गई है।

## केन्द्र ने किसान हित में शुरू की विभिन्न योजनाएं : धीरज दद्धाहूर

**बरनाला, एजेंसी।** केन्द्र सरकार द्वारा किसानों के हितों को समर्पित विभिन्न योजनाएं शुरू करते हुए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 1 लाख 25 हजार प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्रों का उद्घाटन किया गया है जिस संबंधी अरोड़ा फर्टीलाइजर बरनाला पर भी प्रधान मंत्री किसान समृद्धि केन्द्र का उद्घाटन किया गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और वरिष्ठ भाजपा नेता धीरज दद्धाहूर ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्रों में खेती संबंधी बीज, कीटनाशक दवाईयां, मशीनरी, मिट्टी पानी टैस्टिंग और दूसरी किसानी संबंधी जरूरत का सामान अब किसान एक ही छत्त के नीचे इन सरकारी सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे।

## हिमाचल—चंडीगढ़ समेत कई राज्यों में अगले 3 दिन तक भारी बारिश

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** देश के अधिकतर हिस्सों में बारिश की गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। मौसम विभाग की मानें तो अभी देश के बहुत से राज्यों में बारिश का ये सिलसिला जारी रहेगा। आईएमडी ने अगले दो दिनों के दौरान कोंकण, गोवा, मध्य महाराष्ट्र, तटीय कर्नाटक, कोस्टल आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बहुत भारी बारिश की गतिविधियां देखने को मिलेंगी। इसके बाद बारिश की गतिविधियों में कमी दर्ज की जाएगी। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून समेत सभी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश का येलो अलर्ट है।

बारिश के बीच भूस्खलन के कारण ऋषिकेश यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध है। ऋषिकेश बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग चमोली जिले के पागलनाला में भी लैंडस्लाइड के कारण रास्ते बंद हैं।

अगले 3 तीन राज्य के कई जिलों में बारिश की संभावना व्यक्त की है।

मौसम विभाग की मानें तो हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पूर्वी हरियाणा, चंडीगढ़ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अगले तीन दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान है।

वहीं, तीन दिनों के बाद बारिश की गतिविधियों में कमी दर्ज की जाएगी। मौसम विभाग की मानें तो देश की राजधानी नई दिल्ली में आज (बुधवार) न्यूनतम तापमान 25 डिग्री और अधिकतम तापमान 33 डिग्री दर्ज किया जा सकता है। वहीं, मध्यम बारिश की गतिविधियां देखने को मिलेंगी।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, इस पूरे हफ्ते देश की राजधानी नई दिल्ली में बारिश की गतिविधियां देखने को मिलेंगी। राजधानी दिल्ली में यमुना का जलस्तर अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। गुरुवार सुबह 7 बजे यमुना का जलस्तर 205.69 मीटर दर्ज किया गया है।

## विदेशियों को भाया काला नमक चावल, तीन गुणा से ज्यादा बढ़ा

**लखनऊ,एजेंसी।** अपनी खास सुगंध और स्वाद के दम पर काला नमक धान का चावल देश में ही नहीं, विदेश में भी लोगों की जुबान पर छा रहा है।

उत्तर प्रदेश की सरकार के प्रयासों से बीते तीन साल में इसके निर्यात में तीन गुणा से अधिक की वृद्धि हुई है। सरकार ने इसे सिद्धार्थनगर का एक जिला–एक उत्पाद (ओडीओपी) घोषित किया है और इसके लिए ब्रांडिग कर रही है। राज्यसभा में 17 दिसंबर 2021 को दिए गए आंकड़ों के अनुसार 2019/2020 में इसका निर्यात 2 फीसद था। अगले साल यह बढ़कर चार फीसद हो गया। 2021/2022 में यह सात फीसद रहा। काला नमक धान को केंद्र में रखकर दो दशक से काम कर रही गोरखपुर की संस्था पीआरडीएफ (पार्टिसिपेटरी रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन) के चेयरमैन डॉ. आरसी चौधरी के अनुसार दो वर्षों के दौरान उनकी संस्था ने सिंगापुर को 55 टन और नेपाल को 10 टन कालानमक चावल का निर्यात किया। इन दोनों देशों से अब भी लगातार मांग आ रही है।

### जम्मू व कश्मीर से टला नहीं है अल—कायदा का खतरा

## भारतीय उपमहाद्वीप में 200 आतंकी मौजूद: संयुक्त राष्ट्र



**नई दिल्ली,एजेंसी।** कभी विश्व भर में धार्मिक आतंकवाद को बढ़ावा देने में जुटा आतंकी संगठन अल–कायदा की तरफ से भले ही अब कहीं आतंकी हमले नहीं हो रहे हों, लेकिन इसका खतरा ना तो विश्व से खत्म हुआ है और ना ही भारत से। यह संगठन अभी शांत ,है लेकिन भारत के जम्मू व कश्मीर राज्य समेत भारतीय उपमहाद्वीप के कई दूसरे हिस्सों पर इसकी नजर है और अंदर ही अंदर यह अपनी तैयारियों को भी अंजाम देने में जुटा है। यह बात संयुक्त राष्ट्र की एक नई रिपोर्ट में कही गई है।

इसके मुताबिक, भारतीय उपमहाद्वीप में अलकायदा (एक्यूआइएस) के 200 आतंकी हैं और ओसामा मेहमूद इनका अमीर है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद तरफ से अल–कायदा और इस्लामिक स्टेट की गतिविधियों को लेकर यह सालाना रिपोर्ट 25 जुलाई, 2023 को ही जारी की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अल–कायदा को लेकर एक सदस्य देश ने कहा है कि यह संगठन एक्यूआइएस को मजबूत करने में जुटा है।

खास तौर पर यह बांग्लादेश, भारत के जम्मू व कश्मीर राज्य और म्यांमार में जड़ें जमाने की कोशिश कर रहा है। इस सदस्य ने भी बताया है कि एक्यूआइएस आने वाले दिनों में आइएसआइएल–के (इस्लामिक संगठन–खोरासान– मध्य व दक्षिण एशिया के लिए आतंकी संगठन आइएसआइएस का अंग) का सदस्य बन सकता है या उसके साथ गठबंधन कर सकता है।

एक्यूआइएस में दो सौ सदस्य हो सकते हैं। यह संख्या अफगानिस्तान में अल–कायदा के सक्रिय आतंकियों से काफी ज्यादा है। सनद रहे कि कुछ वर्ष पूर्व अल–कायदा और आइएस–ाआइएस ने जम्मू व कश्मीर के कुछ हिस्सों में काफी तेजी से पकड़ बनाने की कोशिश की थी। आतंक प्रभावित कश्मीर के कई इलाकों में इन दोनो संगठनों के बड़े बड़े पोस्टर नजर आने लगे थे और भारतीय खुफिया एजेंसियों की तरफ से इनकी बढ़ती गतिविधियों को लेकर चिंता भी सामने आई थी।

हालांकि, अब इनकी गतिविधियों को लेकर कोई बात सामने नहीं आ रही है। जहां तक एक्यूआइएस की बात है तो इसकी स्थापना वर्ष 2014 में अल–कायदा के सरगना अयमान अल–जवाहिरी ने किया था। तब पाकिस्तान के आतंकी असीम उमर को इसका मुखिया नियुक्त किया गया था। तब अल–जवाहिरी की तरफ से एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें उसने भारत के खिलाफ जम्मू व कश्मीर में आतंकी गतिविधियों की बात कही थी।

उमर को बाद में अमेरिकी व अफगानी सैनिकों की संयुक्त कार्रवाई में मार गिराया गया था। वैसे एक्यूआइएस अभी तक इस पूरे महाद्वीप में कोई बड़ी कार्रवाई नहीं कर पाया है। बाद में वर्ष 2017 में भारत व इसके पड़ोसी देशों में एक्यूआइएस की तरफ से आतंकी हमला करने की तैयारियों का पर्दाफाश भी हुआ था।

पंचायत चुनाव में हुई हिंसा पर भाजपा द्वारा विधानसभा में लाए गए कार्य स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान बोलते हुए ममता बनर्जी ने दावा किया कि उन्हें जानकारी है कि इसकी योजना (साजिश) भाजपा नेतृत्व द्वारा हाल ही में पार्टी की राज्य इकाई के शीर्ष नेताओं के साथ नई दिल्ली में हुई बैठक के दौरान तैयार की गई थी।

## 15 सितंबर तक पद पर बने रहेंगे ईडी निदेशक एसके मिश्रा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने ईडी निदेशक एसके मिश्रा को 15 सितंबर तक ईडी निदेशक पद पर बने रहने की अनुमति दी। केंद्र सरकार ने प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। वहीं अब सुप्रीम कोर्ट ने ईडी निदेशक के तौर पर एसके मिश्रा के कार्यकाल विस्तार को मंजूरी दे दी है।

सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या पूरा विभाग अक्षम लोगों से भरा है जो केंद्र ईडी निदेशक के कार्यकाल में विस्तार चाहता है। न्यायमूर्ति बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि हम यह क्या तस्वीर पेश कर रहे हैं कि ईडी निदेशक पद के लिए कोई दूसरा व्यक्ति नहीं है, क्या पूरा विभाग अक्षम लोगों से भरा है?

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को यह स्पष्ट कर दिया कि आगे कोई कार्यकाल विस्तार नहीं होगा। न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने कहा कि वह राष्ट्रीय हित में कार्यकाल विस्तार पर फैसला दे रहे हैं। वहीं शीर्ष कानून अधिकारी ने पीठ के समक्ष तर्क दिया कि वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की सहकर्मी समीक्षा के मद्देनजर ईडी नेतृत्व की निरंतरता आवश्यक है, जिसकी रेटिंग मायने रखती है। ईडी का प्रतिनिधित्व करते हुए, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि कुछ पड़ोसी देश चाहते हैं कि भारत एफएटीएफ की 'ग्रे सूची' में आ जाए और इसलिए, ईडी प्रमुख का पद पर बने रहना जरूरी है।

गौरतलब है, इससे पहले सुप्रीम कोर्ट से केंद्र सरकार को करारा झटका लगा था। शीर्ष कोर्ट ने ईडी निदेशक संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल विस्तार को अवैध ठहराया था।

शीर्ष अदालत ने उन्हें अपने लंबित काम निपटाने के लिए 31 जुलाई 2023 तक का समय दिया। साथ ही न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने ईडी निदेशक के कार्यकाल को अधिकतम पांच साल तक बढ़ाने के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम और दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम में संशोधन को सही ठहराया।

## सीमा और सचिन की लवस्टोरी में लगा ग्रहण, सीमा ने छोड़ा सचिन का घर, सब से बनाई दूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान से भारत आईं सीमा हैदर को लेकर हर दिन नया मोड आ रहा हैं। वहीं अब सचिन के साथ ग्रेटर नोएडा में रह रही सीमा हैदर अब उससे दूर हो गई है। जानकारी के अनुसार सीमा हैदर ने अपने प्रेमी सचिन मीणा का घर छोड़ दिया है। वह अब सचिन का घर छोड़कर गांव के ही दूसरे घर में रह रही है। यह घर किसी और का नहीं बल्कि सचिन के ही जानकार का है। सीमा ने सचिन के साथ ही ससुर और परिवारवालों से भी दूरी बना ली है। जानकारी के अनुसार सीमा हैदर ने सचिन के घर पर मौजूद मीडिया और लोगों कीभीड़ के चलते वहां से दूर हो गई है। क्योंकि सचिन के घर पर लोग सीमा हैदरके साथ फोटो खिंचाने के लिए जमा होते थे।

## श्रीनगर में तीन दशक के बाद निकाला जाएगा मुहर्रम जुलूस

**श्रीनगर ,एजेंसी।** जम्मू–कश्मीर प्रशासन ने आज तीन दशक बाद श्रीनगर में गुरु बाजार से डलगेट तक पारंपरिक मार्ग पर आठवीं मुहर्रम जुलूस की अनुमति प्रदान की है। कश्मीर के संभागीय आयुक्त विजय कुमार बिधूड़ी ने कहा कि शिया भाइयों की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने कल जुलूस की अनुमति देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, मैं शिया भाइयों और कश्मीरी जनता को बधाई देता हूं, जो अपने स्नेह के लिए जाने जाते हैं।

उन्होंने बताया कि प्रशासन को सभी समूहों के शिया मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों और गुरुबाजार की स्थानीय समिति के साथ कई दौर की बातचीत के बाद सभी हितधारकों से आश्वासन मिला है कि पवित्र धार्मिक आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित और संपन्न होगा। इसी के अनुसार सभी सुरक्षा व्यवस्थाएं की जाएंगी और आम जनता, विशेष रूप से शिया समुदाय के सदस्यों को सूचित किया जाता है कि किसी को भी गुरुबाजार से निकाले जाने वाले जुलूस को छोड़कर इस मार्ग पर व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से कोई अन्य जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आदेशों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति से कानून के अनुसार बहुत सख्ती से निपटा जाएगा।

उन्होंने कहा कि कल कार्य दिवस को ध्यान में रखते हुए और आम लोगों को परेशानी से बचाने के लिए जुलूस का समय सुबह छह बजे से आठ बजे तक रहेगा।उन्होंने बताया कि उपराज्यपाल और मुख्य सचिव दोनों नेमांग पर सकारात्मक रूप से विचार करने और स्थिति पर बारीकी से नजर रखने कानिर्देश दिया है।

## नाबालिग से अप्राकृतिक यौनाचार के मामले में कर्नाटक के शिक्षक को आजीवन कारावास

**दक्षिण कन्नड़ ,एजेंसी।** कर्नाटक की एक फास्ट ट्रैक अदालत ने नाबालिग छात्र के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के आरोप में एक शिक्षक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मंगलुरु फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट–1 की न्यायाधीश मंजुला इत्ती ने बुधवार को 33 वर्षीय आरोपी शिक्षक पृथ्वीराज को सजा सुनाई, जिसने 1 अगस्त 2014 से 2 सितंबर 2016 के बीच नाबालिग का यौन उत्पीड़न किया था। न्यायाधीश ने उसे पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। कोर्ट ने पीड़ित को एक लाख रुपये मुआवजा देने का भी आदेश दिया।

## 2024 चुनाव से पहले बंगाल को बदनाम करने के लिए अशांति पैदा करना चाहती है भाजपा: ममता



**कोलकाता, एजेंसी।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को विधानसभा में आरोप लगाया कि विपक्षी भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले राज्य को बदनाम करने के लिए लोगों के बीच विभाजन पैदा करके गड़बड़ी पैदा करने की योजना बना रही है।

पंचायत चुनाव में हुई हिंसा पर भाजपा द्वारा विधानसभा में लाए गए कार्य स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान बोलते हुए ममता ने दावा किया कि उन्हें जानकारी है कि इसकी योजना (साजिश) भाजपा नेतृत्व द्वारा हाल ही में पार्टी की राज्य इकाई के शीर्ष नेताओं के साथ नई दिल्ली में हुई बैठक के दौरान तैयार की गई थी।

ममता ने दावा किया कि भाजपा ने यहां कुछ पार्टी को फंड देने की भी योजना बनाई है, जो तृणमूल कांग्रेस के वोटों को विभाजित कर सकती है।

मुझे दिल्ली में भाजपा की बैठक के बारे में जानकारी है। मैं इसमें मौजूद लोगों का नाम नहीं लूंगी। वे धर्म और जाति के आधार पर समाज को विभाजित करने की योजना बना रहे हैं। वे बंगाल में महिलाओं, एससी, एसटी और राजबंशियों सहित कमजोर वर्गों के खिलाफ कथित अपराधों को उजागर करने की योजना बना रहे हैं ताकि राज्य की छवि को खराब किया जा सके।

ममता ने आरोप लगाया कि मणिपुर की तरह भाजपा यहां भी एक दूसरे समुदाय के बीच जातीय हिंसा भड़काना चाहती है। पंचायत चुनाव में तृणमूल पर हिंसा फैलाने के भाजपा के आरोपों को खारिज करते हुए ममता ने स्पष्ट कहा कि कुछ जगहों पर हिंसा को छोड़ चुनाव शांतिपूर्ण हुआ।

सिर्फ सात जगहों पर हिंसा हुई और इसके लिए उन्होंने विपक्षी दलों व केंद्रीय बलों को जिम्मेदार ठहराया। ममता ने सवाल किया जब हाई कोर्ट के निर्देश पर लगभग 82,000 केंद्रीय बल के जवान पंचायत चुनाव में तैनात किए गए थे, तब हिंसा कैसे हुई ?विधानसभा में इस दिन पंचायत चुनाव में हिंसा और राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पर भाजपा द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर चर्चा हुई।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेंडर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेंडर संख्या दिनांक | 109-DRM-MB-23-24 Date 27.07.2023 | 110-DRM-MB-23-24 Date 27.07.2023 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मडंल अभियंता उ0रे0 हरदोई–II के अधीन वरिष्ठ खण्ड अभियंता/कार्य /बालामाऊ के खंण्ड में LHS न,0 32, 45, 47, और 64 (on BLM) पर कवर शेड का प्रावधान। | सहायक मडंल अभियंता उ0रे0 हरदोई–II के सैक्सन में नैमिषारण्य और सीतापुर शहर के स्टेशन भवनों कि अग्रभाग में सुधार एवं अन्य सुधार का कार्य। |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 22.08.2023 16:00 | 22.08.2023 16:00 |
| अनुमानित लागत | 1,87,28,459.88 | 48,85,184.45 |
| धरोहर राशि | 2,43,700.00 | 97,700.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 08.08.2023 | 08.08.2023 |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 04 माह | 06 माह |

टेन्डर न.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 27.07.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2326/23

# भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने नीदरलैंड से ड्रॉ खेला




बार्सीलोना, भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग 2022 .23 खिताब जीतने वाली नीदरलैंड टीम को स्पेनिश हॉकी महासंघ की सौंवी वर्षगांठ पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में 1 . 1 से ड्रॉ पर रोका ।

भारत को पहले मैच में स्पेन ने हराया था लेकिन भारतीय टीम ने दूसरे मैच में प्रभावी प्रदर्शन किया । कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने भारत के लिये एकमात्र गोल 12वें मिनट में किया जबकि डच टीम के लिये जैस्पर ब्रिंकमैन ने 40वें मिनट में बराबरी का गोल दागा ।

भारत ने शुरूआत से ही आक्रमक खेल दिखाया लेकिन पहला पेनल्टी कॉर्नर डच टीम को मिला जिस पर गोल नहीं हो सका । भारत को 12वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को हरमनप्रीत ने गोल में बदला । हार्दिक सिंह से मिली गेंद को गोल के भीतर डालने में उन्होंने कोई चूक नहीं की ।

दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों को पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका । भारत के लिये पीआर श्रीजेश की जगह उस समय खेल रहे गोलकीपर कृशन पाठक ने प्रभावी प्रदर्शन किया ।

डच गोलकीपर मौरिटिस विस्सेर ने भी भारतीयों को गोल नहीं करने दिये ।

तीसरे क्वार्टर की शुरूआत में दोनों टीमों को एक एक पेनल्टी कॉर्नर मिला । श्रीजेश ने मैदान पर लौटने के बाद डच टीम को गोल से वंचित रखा । आखिरकार ब्रिंकमैन का अनुभव डच टीम के काम आया जिन्होंने पेनल्टी कॉर्नर पर बराबरी का गोल किया । आखिरी क्षणों में भारत ने हरमनप्रीत की अगुवाई में जवाबी हमला किया लेकिन कामयाबी नहीं मिली ।

# प्रणय, लक्ष्य, सात्विक चिराग जापान ओपन के क्वार्टर फाइनल में



तोक्यो, भारत के एच एस प्रणय , लक्ष्य सेन और सात्विक साइराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की जोड़ी जापान ओपन बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए । बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता 21 वर्ष के सेन ने जापान के केंटा सुनेयामा को 21 . 14, 21 . 16 से हराया ।कोरिया ओपन जीतने वाले सात्विक साइराज और चिराग ने डेनमार्क के लास्से मोल्हेडे और जेप्पे बे को 21 . 17, 21 . 11 से मात दी ।

वहीं प्रणय ने हमवतन किदाम्बी श्रीकांत को 19 . 21, 21 . 9, 21 . 9 से हराया । महिला युगल में गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली को नामी मत्सुयामा और चिरारू शिडा ने 21 . 21, 21 . 19 से मात दी ।

सेन ने 50 मिनट के भीतर जापानी प्रतिद्वंद्वी को हराया । पहला गेम जीतने के बाद उसने सुनेयामा को वापसी का मौका ही नहीं दिया ।

वहीं प्रणय पहला गेम हार गए थे लेकिन शानदार वापसी करके अगले दो गेम जीते । सात्विक और चिराग के लिये मुकाबला लगभग एकतरफा रहा जिन्होंने सीधे गेमों में जीत दर्ज की । इस सत्र में सात्विक और चिराग ने कोरिया ओपन सुपर 500, स्विस ओपन सुपर 300 और इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 खिताब जीते हैं ।

# टेक्सास सुपर किंग्स और सीटल ऑर्कस होंगे आमने—सामने




नई दिल्ली,। मेजर क्रिकेट लीग में खेलने वाली टॉप चार टीमों के पायदान तय हो गये हैं. सीटल ऑर्कस के अलावा टेक्सास सुपर किंग्स, वाशिंगटन फ्रीडम और एमआई न्यूयार्क ने प्लेऑफ में जगह बनाई. वहीं इस टूर्नामेंट का पहला क्वॉलीफायर मुकाबला सीटल ऑर्कस और टेक्सास सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा. दोनों टीमें 28 जुलाई को डलास में आमने—सामने होगी. इस मैच में जीतने वाली टीम फाइनल में पहुंच जाएगी.

वहीं, इस मैच में हारने वाली टीम एलिमिनेटर की विनर टीम से खेलेगी. ऐसे में प्वाइंट टेबल की बात करें तो सीटल ऑर्कस तालिका में टॉप पर बनी हुई हैं. जबकि नंबर दो पर टेक्सास सुपर किंग्स ने कब्जा जमाया हैं. अब दोनों टीमों के बीच 28 जुलाई को क्वालीफाई खेला जाना हैं. जो सुबह 6 बजे शुरु होगा. वहीं इसी दिन वाशिंगटन फ्रीडम और एमआई न्यूयार्क के बीच एलिमिनेटर भी खेला जाना हैं. इसके बाद जो टीम एलिमिनेटर जीतेगा वो क्वालीफाई हारने वाली टीम के साथ मैच खेलगी और अपनी फाइनल की राह को पक्की करेगी.

सीटल ऑर्कस की टीमः

क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), नौमान अनवर, शेहान जयसूर्या, हेनरिक क्लासेन, शुभम रंजने, दासुन शनाका (कप्तान), इमाद वसीम, ड्वेन प्रीटोरियस, एंड्रयू टाई, हरमीत सिंह, कैमरून गैनन

टेक्सास सुपर किंग्स की टीमः

डेवोन कॉनवे (विकेटकीपर), फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), कोडी चेट्टी, डेविड मिलर, मिलिंद कुमार, मिशेल सेंटनर, डैनियल सैम्स, केल्विन सैवेज, गेराल्ड कोएट्ज़ी, मोहम्मद मोहसिन, रस्टी थेरॉन

# बीसीसीआई ने वर्ल्ड कप को लेकर सब—कमेटी का किया गठन, रोजर बिन्नी को सौंपी अहम जिम्मेदारी



नई दिल्ली, पांच अक्टूबर से 19 नवंबर तक होने वाले वर्ल्ड कप के लिए बीसीसीआई ने सब कमेटी का गठन कर दिया हैं. बोर्ड ने आयोजन स्थलों की देखरेख और बुनियादी ढांचे की सब्सिडी देने के लिए इस उप—समिति का गठन किया हैं.

इसमें अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह, कोषाध्यक्ष आशीष सेहलर, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और संयुक्त सचिव देवजीत सैकिया को अभ्यास खेलों की मेजबानी सहित 12 स्थानों की देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी गई है. इसके अतिरिक्त, बुनियादी ढांचे पर सब्सिडी के लिए सिफारिशें करने के लिए एक अलग समिति का गठन किया गया है.

मिली जानकारी के मुताबिक रोजर बिन्नी को चेन्नई और अहमदाबाद की जिम्मेदारी दी गयी हैं अहमदाबाद वर्ल्ड कप के नजरिये से काफी अहम वेन्यू रहने वाला हैं. जिसमें वर्ल्ड कप की शुरुआत और 14 अकटूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला मैच शामिल हैं. बीसीसीआई सचिव जय शाह दिल्ली और धर्मशाला के प्रभारी हैं जबकि कोषाध्यक्ष आशीष सहलर पुणे, लखनऊ और गुवाहाटी की देखरेख करेंगे. उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला दक्षिणी शहरों हैदराबाद और बेंगलुरु की जिम्मेदारी संभालेंगे. वहीं संयुक्त सचिव देवजीत सैकिया को मुंबई, कोलकाता और तिरुवनंतपुरम की जिम्मेदारी दी गई है. गौरतलब है कि अहमदाबाद, मुंबई, पुणे, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता, दिल्ली, लखनऊ और धर्मशाला विश्व कप के मुख्य खेलों की मेजबानी करेंगे.

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में जायसवाल ने लगाई बड़ी छलांग

नई दिल्ली, आईसीसी ने ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी की हैं. जिसमें भारत के जायसवाल और रोहित ने एक बार फिर से जलवा बिखेरा हैं. जायसवाल ने 11 नंबर की बड़ी छलांग लगाते हुए 63वें स्थान पर कब्जा कर लिया हैं. जबकि रोहित शर्मा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 9वें स्थान पर जगह बनायी हैं.

पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ ड्रा हुए दूसरे टेस्ट में 21 वर्षीय जायसवाल ने 57 और 38 रन का स्कोर बनाया था. इसके चलते अब उनके 466 अंक हैं. जबकि दूसरे टेस्ट में 80 और 57 रन बनाते हुए रोहित सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय टेस्ट बल्लेबाज हैं.




उनके 759 अंक हैं और वह श्रीलंका के दिमुथ करुणारत्ने के साथ नौवें स्थान पर हैं. वहीं चोटिल चल रहे रिषभ पंत भारत की तरफ से दूसरे नंबर पर रैंकिंग हासिल करने वाले खिलाड़ी हैं जो सूची में 12वें नंबर पर काबिज हैं.

जबकि अनुभवी भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (879) गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि रवींद्र जड़ेजा (782) छठे स्थान पर पहुंच गए हैं. तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है और वह छह पायदान ऊपर उठकर 33वें स्थान पर पहुंच गये हैं.

## फिल्मी दुनियां

# सनी देओल के बेटे राजवीर की पहली फिल्म दोनों का ऐलान, पालोमा ढिल्लों संग बनी जोड़ी

बॉलीवुड के जाने—माने निर्देशक सूरज बडज़ात्या के बेटे अवनीश एस बडज़ात्या निर्देशन की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार है। उन्होंने कुछ दिनों पहले अपनी पहली फिल्म दोनों का ऐलान किया था।यह फिल्म इसलिए ज्यादा खास है क्योंकि दोनों के जरिए सनी देओल के बेटे राजवीर देओल और पूनम ढिल्लो की बेटी पालोमा ढिल्लों अभिनय की दुनिया में कदम रखने वाले हैं। अब निर्माताओं ने दोनों का पहला पोस्टर जारी कर दिया है।



इसके साथ निर्माताओं ने बताया कि दोनों का टीजर 25 जुलाई को रिलीज किया जाएगा।जियो स्टूडियो ने अपने आधिकारिक ट्विटर दोनों का पहला पोस्टर साझा किया है, जिसमें राजवीर और पालोमा समुद्र किनारे बैठे नजर आ रहे हैं।इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, यह एक नई शुरुआत की शुरुआत है। दोनों का टीजर कल रिलीज होगा। अवनीश एस बडज़ात्या द्वारा निर्देशित। राजवीर देओल और पालोमा ढिल्लों अभिनीत।रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फिल्म एक रोमांटिक ड्रामा होगी।गौरतलब है कि इन दोनों के माता—पिता भी पहले फिल्म में नायक—नायिका के तौर पर नजर आ चुके हैं। सनी देओल और पूनम ढिल्लों ने साल 1984 में आई लव स्टोरी फिल्म सोहनी महिवाल में लीड रोल प्ले किया था। अब दोनों के बच्चे एक साथ फिल्म करने जा रहे हैं। मेकर्स ने सोमवार को राजवीर देओल और पलोमा ठकेरिया की डेब्यू फिल्म दोनों का पोस्टर रिलीज कर दिया है। इस पोस्टर में राजवीर देओल और पलोमा ठकेरिया बीच पर बैठे और उनकी पीठ कैमरे की तरफ है। फिल्म दोनों के पोस्टर से अंदाजा लगाया जा सकता है कि ये रोमांटिक फिल्म होगी। राजवीर देओल और पलोमा ठकेरिया की डेब्यू फिल्म दोनों के डायरेक्शन की जिम्मेदारी सूरज बडज़ात्या के बेटे अवनीश एस बडज़ात्या के कंधे पर है। फिल्म दोनों से अवनीश एस बडज़ात्या निर्देशन की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। फिल्म दोनों राजश्री प्रोडक्शन की 59वीं फिल्म है। बताते चलें कि अवनीश एस बडज़ात्या ने इससे पहले साल 2015 में रिलीज हुई फिल्म प्रेम रतन धन पायो में असिस्टेंट डायरेक्टर और फिल्म ऊंचाई में एसोसिएट डायरेक्टर के तौर पर काम किया है।

# पिंक आउटफिट में वर्कआउट के दौरान नेहा मलिक ने दिए सिजलिंग पोज

एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने आउटफिट से अक्सर सोशल मीडिया पर कहर बरपाए रहती हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। फैंस उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं। वहीं, उनका लेटेस्ट वर्कआउट करते हुए आउटफिट काफी तेजी से वायरल हो रहा है। भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक ने वर्कआउट करते हुए पिंक जंपसूट में अपनी बेहद ही सिजलिंग तस्वीर क्लिक करवाई हैं। कभी डंबल उठाते हुए तो कभी रॉड के साथ एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपनी तस्वीरों से फैंस के दिलों की धडक़नें बढ़ा दी हैं। एक्ट्रेस नेहा मलिक अपने दिन की शुरूआत गर्म पानी में एप्पल साइडर विनेगर के साथ करती हैं। नेहा मलिक अपनी फिटनेस को लेकर काफी एक्साइटेड रहती हैं,

# रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का नया गाना ढिंढोरा बाजे रे हुआ रिलीज

जाने—माने निर्देशक और निर्माता करण जौहर मौजूदा वक्त में अपने आगामी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को लेकर सुर्खियों में हैं।इस फिल्म के जरिए वो लगभग 7 साल के लंबे अंतराल के बाद निर्देशन की दुनिया में लौट रहे हैं।अब निर्माताओं ने सोमवार को रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का नया गाना ढिंढोरा बाजे रे जारी कर दिया है, जिसमें रॉकी (रणवीर) अपनी रानी (आलिया) के साथ जबरदस्त डांस करते नजर आ रहे हैं। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसके अलावा धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी भी फिल्म का हिस्सा हैं।यह फिल्म 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।फिल्म में आलिया पहली बार पत्रकार की भूमिका निभाती नजर आएंगी, जिसे



लेकर वो काफी उत्साहित हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में रणवीर एक मिठाई बनाने वाले की भूमिका निभा रहे हैं।रिपोर्ट के मुताबिक रॉकी और रानी... को करीब 9,000 स्क्रीन्स पर रिलीज किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक करण फिल्म को अपनी सुपरहिट फिल्म कभी खुशी कभी गम के स्तर पर रिलीज करना चाहते हैं। पटना के एक एग्जिबिटर रोशन सिंह इस फिल्म के लिए अपना मल्टीप्लेक्स खोलने वाले हैं।धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले फिल्म योद्धा आ रही है, जो करण की पहली एक्शन फ्रैंचाइजी है।

# टाइगर 3 से लीक हुईं सलमान खान की तस्वीरें



बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान ने लगभग 4 साल बाद किसी का भाई किसी की जान के साथ बड़े पर्दे पर वापसी की थी, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। ऐसे में सलमान के प्रशंसक उनकी आगामी फिल्मों का बेताबी से इंतजार कर रहे हैं, जिसमें टाइगर 3 शुमार है। अब टाइगर 3 से सलमान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर लीक हो गई हैं, जिसमें भाईजान धांसू अवतार में नजर आ रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के खास मौके पर निर्माता टाइगर 3 से सलमान का पहला पोस्टर जारी करने पर विचार कर रहे हैं। टाइगर फ्रेंचाइजी के तीसरे भाग टाइगर 3 का निर्देशन मनीष ने किया है। फिल्म इस दिवाली पर हिंदी सहित तमिल और तेलुगू भाषा में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म में इमरान हाशमी और कैटरीना कैफ भी मुख्य भूमिका में शामिल हैं।फिलहाल सलमान की झोली में 3 फिल्में आने को तैयार हैं। हालांकि, अभी उन्होंने किसी पर भी औपचारिक मुहर नहीं लगाई है।

सलमान के आगामी प्रोजेक्ट्स में सबसे ज्यादा चर्चा सूरज बडज़ात्या की फिल्म प्रेम की शादी की हो रही है। लंबे समय बाद बडज़ात्या ने प्रेम से हाथ मिलाया है। पहले चर्चा थी कि इस साल के अंत तक वह इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे।

# जयम रवि ने किया नई पैन इंडिया फिल्म जिनी का ऐलान, मुख्य भूमिका में 3 अभिनेत्रियां

बीते दिनों दक्षिण भारतीय फिल्म जगत से एक के बाद एक पैन इंडिया फिल्म की घोषणा हुई है। पुष्पा, आरआरआर , केजीएफ , जैसी फिल्मों की दीवानगी के बाद अब हिंदी के दर्शकों के बीच दक्षिण भारतीय कहानियों की लोकप्रियता बढ़ रही है। इसी क्रम में बुधवार को एक और पैन इंडिया फिल्म की घोषणा हुई है। पोन्नियन सेल्वन स्टार जयम रवि ने अपनी नई फिल्म जिनी का ऐलान कर दिया है।

जयम रवि ने अपनी नई फिल्म जेआर32 के नाम की घोषणा की है। इस फिल्म का नाम जिनी है। खास बात यह है कि फिल्म में 3 अभिनेत्रियां मुख्य भूमिका निभाएंगी। कीर्ति शेट्टी, कल्याणी प्रियदर्शन और वामिका गब्बी इस फिल्म में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन अर्जुनन जूनियर करेंगे। पोन्नियन सेल्वन की तरह ही इस फिल्म का संगीत एआर रहमान का होगा।



फिल्म के ऐलान से पहले टीम ने एक पूजा का भी आयोजन किया।

रवि जयम ने ट्विटर पर जिनी का पोस्टर साझा किया। रवि के ट्वीट को रीट्वीट करते हुए कल्याणी प्रियदर्शन ने लिखा, इस फिल्म का हिस्सा बनकर काफी उत्साहित हूं। इस कूल स्क्रिप्ट, बेहतरीन क्रू और मजेदार कलाकारों के साथ जिनी में मेरी विश पहले ही पूरी कर दी है। फिल्म के पोस्टर पर प्रशंसकों ने भी अपनी खुशी जाहिर की है। रवि जयम के प्रशंसकों का कहना है कि वह शानदार कलाकार हैं और उन्हें इस फिल्म का इंतजार है।

जयम रवि की इस फिल्म का निर्माण वेल्स फिल्म इंटरनैशनल कर रही है। फिल्म में एआर रहमान का संगीत होने के कारण भी प्रशंसक इसे लेकर उत्साहित हैं। जेनी तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में रिलीज की जाएगी। फिलहाल इसकी रिलीज डेट की घोषणा नहीं हुई है। अब दर्शक फिल्म के बारे में अन्य जानकारियों का इंतजार कर रहे हैं। खासकर, इसकी स्टारकास्ट ने उन्हें फिल्म की कहानी जानने के लिए और उत्सुक कर दिया है।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com